दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। रविवार 23 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 65 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# महाकुंभ में आस्था का सैलाब

## स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 करोड़ के पार पहुंचा



### यूपी के 75 जेलों में बंद कैदियों ने भी किया संगम स्नान



यूपी के 75 जेलों में बंद कैदियों ने भी संगम स्नान किया। दरअसल जेल में महाकुंभ से लाये गंगा जल से जेल के बंदियों को स्नान कराया गया। यूपी जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ऑफिस के अनुसार, यह विशेष कार्यक्रम 21 फरवरी को सुबह 9 :30 बजे से 10 बजे तक जेलों में आयोजित किया गया। प्रदेशभर की जेलों में कुल 90 हजार से अधिक कैदी बंद हैं, जिनमें सात केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं।

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। हर दिन लाखों श्रद्धालु डुबकी लगा रहे हैं। महाशिवरात्रि से चार दिन पहले ही डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 करोड़ के पार हो गया। उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 60 करोड़ से ज्यादा लोगों ने गंगा और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई है।

मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 22 फरवरी यानी शनिवार शाम चार बजे तक कुल 1.11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। जबकि 13 जनवरी से अभी तक कुल 60.42 करोड़ श्रद्धालु गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी गंगा और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व 26 फरवरी तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है।

**विदेशी मेहमानों ने भी लगाई डुबकी :** महाकुंभ में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि प्रयागराज अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, नेपाल से 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर चुके हैं। अब तक स्नान करने वाले कुल श्रद्धालुओं की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब आठ करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान किया।

1 फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई।

# भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव नियुक्त



**नई दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'प्रधान सचिव-2' नियुक्त हुए हैं। सरकारी सूचना के अनुसार, यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के साथ उनके कार्यकाल जितनी रहेगी या फिर जब तक कोई नया आदेश ना आए।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरा प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पी के मिश्रा इस समय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक होगा।

आदेश में कहा गया, 'मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव - 2 के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी।'

दास ने एक सिविल सेवक के रूप में मुख्य रूप से वित्त, कराधान, निवेश और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम किया। वह भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर बने और उन्होंने भारत के जी20 शेरपा तथा 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी काम किया है।

### कौन हैं शक्तिकांत दास?

शक्तिकांत दास आरबीआई के 25वें गवर्नर रह चुके हैं। उन्होंने 11 दिसंबर 2018 को उर्जित पटेल के बाद पदभार संभाला था। पटेल के अचानक इस्तीफे के बाद उन्होंने आरबीआई की कुर्सी संभाली थी। गवर्नर बनने से पहले दास आर्थिक मामलों के सचिव और जी20 में भारत के शेरपा थे। दास 1980 बैच के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं और तमिलनाडु कैडर से आते हैं।

# महाशिवरात्रि पर रहेगा कमिश्नरेट के सभी प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा का अभेद्य घेरा

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में पीएसी के जवान होंगे तैनात, ड्रोन से रहेगी निगरानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सुरक्षा की सभी तैयारियों का जायजा लिया जा चुका है। वहीं पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले लगभग 78 से अधिक प्रमुख शिव मंदिरों पर पुलिस की तैनाती की योजना बनाई गई है। साथ ही इलाके की पीआरवी और चौकी पुलिस को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं शहर के प्रमुख व प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को लेकर भी सुरक्षा वाला पूरा प्लान अधिकारियों ने तय कर लिया है। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा ले लिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में बड़ी संख्या में पीएसी के जवानों की भी तैनाती की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अवस्था ना हो। महाशिवरात्रि पर सुरक्षा को लेकर बनाया जा चुका है।

### कैमरों से होगी मॉनिटरिंग, आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्ट में लगेगी ड्यूटी



करंट क्राइम : कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर पुलिसकर्मियों की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई जाएगी। आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्ट में पुलिसकर्मियों को तैनाती दी जाएगी। एडिशनल सीपी ने बताया कि महिला पुलिसकर्मियों से लेकर पुरुष कर्मियों की बड़ी संख्या में ड्यूटी चार्ट बना लिया गया है। वहीं सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही लोकल इंटेलीजेंस और सुरक्षा अधिकारियों को भी तैनाती की जाएगी। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लगे कैमरों की मॉनिटरिंग की भी जांच की जाएगी। इसके साथ ही दूधेश्वरनाथ पुलिस चौकी पर लगे कैमरों की भी जांच की जाएगी और आसपास के लगे कैमरों के जरिए पूरे इलाके की सुरक्षा का बंदोबस्त किया जाएगा। वहीं ड्रोन से भी पुलिस नजर रखेगी।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का जोनल प्रभारियों को निर्देश

## 2 दिन में नवनिर्वाचित टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों की सूची करें अपडेट

## नगर आयुक्त ने वर्चुअली बैठक के माध्यम से जोनल प्रभारियों से की वार्तालाप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में साप्ताहिक बाजार कहां लगेंगे। कौन से बाजार को हटाना है और कौन से बाजार को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना है, इसको लेकर सरगर्मी खत्म नहीं हो रही है। शनिवार को टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन की चल रही तैयारियों का नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वर्चुअली फीडबैक लिया है। जिसमें समस्त जोन के प्रभारियों की राय भी ली गई है। इसके साथ ही पैठ बाजार एसोसिएशन की सहमति के साथ ही दो दिन में नवनिर्वाचित टाउन वेल्डिंग कमेटी के सदस्यों की सूची अपडेट करने का भी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्देश दिया है। टाउन वेंडिंग कमेटी सदस्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत होगी। इसके साथ ही ऐसे स्थान जहां पर बाजार को लगाया जा सकता है, चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कार्य योजना बनाई गई है, जिसमें नगर निगम गाजियाबाद के समस्त वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।





### व्यापारियों और दुकानदारों का नहीं होगा नुकसान, पीली पट्टी का निशान रहेगा खास

करंट क्राइम : नगर आयुक्त गाजियाबाद नगर निगम ने बताया है कि गाजियाबाद नगर निगम शासन द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में सभी बाजारों के लिए पीली पट्टी की सीमा रेखा खींची गई है। जहां बाजार पूर्व की भांति लग रहे हैं। सड़क पर अतिक्रमण न हो, इसके लिए पीली पट्टी बनाई गई है। साथ ही समस्त जोनल प्रभारी व फील्ड पर काम करने वाली अन्य टीमों का फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसके साथ ही शीघ्र डेट निर्धारित की जाए और नई टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों की व्यापारियों से बैठक कर स्थान और बाजारों को चिन्हित करवाया जाएगा।

### हो रही है चर्चा कब होगा साप्ताहिक बाजार मामले पर हल



करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के जोनल प्रभारी नगर आयुक्त और वेंडिंग कमेटी के लिए नया जोन तलाशने का काम शुरू हो रहा है। वहीं नॉन वेंडिंग जोन घोषित करने के लिए भी गाजियाबाद नगर निगम तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही साप्ताहिक बाजार लगवाने वालों और लगाने वालों का रजिस्ट्रेशन भी नगर निगम करने की तैयारी कर रहा है। उनको अलग से पहचान पत्र प्रदान करा जाएगा और उनसे दुकान लगाने का घंटे के हिसाब से शुल्क वसूलने की तैयारी है। कुल मिलाकर नगर निगम और गाजियाबाद के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि अभी साप्ताहिक बाजार को लेकर स्थान परिवर्तित और नई वेंडिंग जोन कमेटी को लेकर चल रही टेंशन कम होने वाली नजर नहीं आ रही है।

# न्यायपालिका पर बढ़ते वादों के बोझ को कम करने के लिए न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि आवश्यक : बालेश्वर त्यागी



**कुछ मामलों में विशेष रूप से जमानतों के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग बड़े लोगों के लिए और बड़े वकीलों की पैरवी पर किया गया है।**

**मुझे ये जानकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि जनहित याचिका प्रस्तुत करने के लिए भी वकील की आवश्यकता होती है। मैंने स्वयं उत्तर प्रदेश में अंतरिम जमानत के प्रावधान को लागू करने की याचिका दायर की थी।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब हम वकालत करते थे तब जमानत की सुनवाई के लिए अंतिम न्यायालय उच्च न्यायालय था ।सर्वोच्च न्यायालय में जमानत पर सुनवाई नहीं की जाती थी। ऐसा अनेक बार सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णयों में भी कहा था कि हम जमानत पर सुनवाई नहीं करते। लेकिन बिना किसी कानूनी बदलाव के सर्वोच्च न्यायालय में धड़ल्ले से जमानत पर सुनवाई भी की जाती है और बहुत सारे लोगों को जमानतें स्वीकृत भी की जाती हैं। ये बात अपनी जगह सही है कि सर्वोच्च न्यायालय को अंतर्निहित (इन्हेरेंट) शक्तियां हैं जिनके अंतर्गत वे वह भी कर सकते हैं जिसका उन्हें प्रत्यक्ष किसी कानून में अधिकार नहीं है। जब हम कानून की पढ़ाई कर रहे थे तो हमारे शिक्षक न्यायालय की इन अंतर्निहित शक्तियों के चैप्टर को पढ़ाते हुए कहते थे कि इन शक्तियों में न्यायालय बालक को जन्म देने के अतिरिक्त कुछ भी कर सकते हैं। आजकल उनका कथन सही होता दिख रहा है। कई बार तो सर्वोच्च न्यायालय कार्यपालिका और विधायिका की भूमिका में भी दिखती है जबकि संविधान के अंतर्गत इनके बीच शक्तियों का स्पष्ट बटवारा किया गया है।

कुछ मामलों में विशेष रूप से जमानतों के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग बड़े लोगों के लिए और बड़े वकीलों की पैरवी पर किया गया है। आजकल तो ये सामान्य नियम जैसा बन गया है। मुझे नहीं लगता कि सर्वोच्च न्यायालय को पता न हो कि इन वकीलों की फीस क्या है ? सर्वोच्च न्यायालय भलीभांति जानता है कि कोई आम आदमी इतनी फीस अदा नहीं कर सकता है। इसका सीधा सा संदेश जाता है कि कानून के सामने सब समान नहीं हैं। मुझे ये जानकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि जनहित याचिका प्रस्तुत करने के लिए भी वकील की आवश्यकता होती है। मैंने स्वयं उत्तर प्रदेश में अंतरिम जमानत के प्राविधान को लागू करने की याचिका दायर की थी। उस याचिका में कोर्ट के निर्देश पर मुझे एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना पड़ा था जिसमें मुझे अपने आपको सामाजिक कार्यकर्ता होने का उल्लेख करना पड़ा था। इत्तफाक से मैं उस विषय को पहले भी मुख्य सचिव और प्रदेश सरकार के समक्ष उठा चुका था। इसके बाद भी मेरी उक्त याचिका सुनवाई के लिए भी स्वीकार नहीं हुई। सर्वोच्च न्यायालय में कुछ वकील तो जनहित याचिका प्रस्तुत करने के विशेषज्ञ बन गए हैं। अधिकतर उनकी याचिकाएं ही सुनी जाती हैं। ये ही सर्वोच्च न्यायालय की परम्परा सी बन गई है।

कुछ इसी तरह से सर्वोच्च न्यायालय में उन समस्याओं को लेकर ही याचिका प्रस्तुत होती हैं जिनका निर्णय राजनैतिक स्तर पर किया जाना चाहिए। उदाहरण के तौर पर किसान आंदोलन के दौरान सड़कों को रोकना या शाहीन बाग जैसे आंदोलन के लिए रास्तों पर अवरोध को हटाने का अनुरोध करना जैसे अनेक विषय समय समय पर न्यायालयों में प्रस्तुत होते हैं। कभी कभी तो बड़ी अजीब स्थिति बन जाती है जब याचिका पर कोई निर्णय करने के बजाय उसे लंबित कर दिया जाता है। पिछले बार किसान आंदोलन पर सर्वोच्च न्यायालय ने कोई निर्णय करने के बजाय उसे लंबित कर दिया। वास्तव में लोकतंत्र में राजनैतिक विवादों का निर्णय सरकारों के स्तर पर होने चाहियें उन विवादों को न्यायालय में लाना पहले से मुकदमों के बोझ से दबी अदालतों पर और भार बढ़ता है ।वैसे कभी कभी ऐसा लगता है कि न्यायालय ऐसे मामलों में सुनवाई करने और निर्णय देने में उनके अहम का पोषण होता है।

वे कभी कभी न्यायालय विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका को एन्जॉय करके आनंद की अनुभूति करते लगते हैं।

न्यायपालिका पर बढ़ते वादों के बोझ को कम करने के लिए जहां न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि आवश्यक है, वहीं न्यायालयों के क्षेत्राधिकार को परिभाषित करने के लिए पुनः लक्ष्मण रेखा खींचे जाने की आवश्यकता है।

# महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ के पार पहुंची

**प्रयागराज।** शनिवार को भी संगम पर आस्था हिलोर मारती दिखी। हर मार्ग पर श्रद्धालुओं का रेला चल रहा है। आस्था के जनज्वार का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि दिन में 12 बजे तक ही 71 लाख से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके थे। इसी के साथ महाकुंभ में कुल स्नानार्थियों की संख्या भी 60 करोड़ पार हो गई।

महाकुंभ के समापन में अब महज चार दिन शेष हैं। इसके अलावा साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में शनिवार को अधिक भीड़ की उम्मीद पहले से थी और इसकी झलक भी शुक्रवार शाम को दिख गई। श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुक्रवार रात से ही शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह तो हर प्रमुख मार्ग पर लोग ही दिख रहे थे। मेला प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शनिवार को दिन में 12 बजे तक 71.18 लाख लोग स्नान कर चुके थे। वहीं शुक्रवार तक कुल 59.31 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। इस तरह से शनिवार को दिन में 12 बजे तक ही 60.02 करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगा चुके थे। जबकि, इसके बाद भी भीड़ लगातार बढ़ रही थी।




### 41 में से 23 दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान

पौष पूर्णिमा स्नान के साथ 13 जनवरी को महाकुंभ की शुरूआत हुई थी। इस तरह से शनिवार तक 41 दिन हो गए। खास यह कि तारीख आगे बढ़ने के साथ संगम में डुबकी को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि इन 41 में से 23 दिन एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया।

इनमें भी सात दिन तो दो करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि 26 जनवरी से 22 फरवरी के बीच यानि, 28 में से 21 दिन एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। भीड़ को देखते हुए अगले चार दिनों तक भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।

### तमिलनाडु के राज्यपाल ने संगम में किया स्नान

#### बोले- देश की आत्मा सनातन संस्कृति में बसती है

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि शनिवार को महाकुंभ 2025 में स्नान कर इस महापर्व का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि यह दिव्य और भव्य महाकुंभ सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति है, जो भारत की अखंडता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक पर्व में अब तक लगभग 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सुदृढ़ करता है।



राज्यपाल ने महाकुंभ में भाग लेकर तमिलनाडु के लोगों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा सनातन संस्कृति में बसती है। यह महाकुंभ उस अखंड सनातन परंपरा का प्रतीक है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है और हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों की याद दिलाती है। राज्यपाल ने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारत की गहराई से जुड़ी आध्यात्मिक चेतना को प्रकट करता है, जहां करोड़ों लोग एक ही लक्ष्य 'आत्मिक शुद्धि और विश्व कल्याण' के लिए संगम तट पर एकत्र होते हैं।

**इन तारीखों को दो करोड़ से अधिक ने संगम में लगाई डुबकी**

| तारीख | संख्या |
|---|---|
| 14 जनवरी (मकर संक्रांति) | 3.50 करोड़ |
| 28 जनवरी | 4.99 करोड़ |
| 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) | 7.64 करोड़ |
| 30 जनवरी | 2.06 करोड़ |
| एक फरवरी | 2.15 करोड़ |
| 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) | 2.04 करोड़ |

### लगातार आठवें दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान

शनिवार को लगातार आठवां दिन रहा जब, एक करोड़ से अधिक लोगों ने संगम स्नान किया। पिछले शनिवार को ही यह सिलसिला शुरू हुआ था जो अब भी जारी है। इससे पहले 26 जनवरी से तीन फरवरी तक का ही समय रहा जब लगातार आठ दिनों तक हर रोज एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। जबकि, मौनी अमावस्या एवं वसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व भी इसी दौरान पड़े थे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार बना हुआ है। ऐसे में अगले दिन भी हर रोज एक करोड़ से ज्यादा लोगों के स्नान करने की उम्मीद है। यदि, ऐसा हुआ तो लगातार 12 दिनों तक स्नानार्थियों की संख्या हर रोज एक करोड़ से अधिक होगी।

## ओम स्वामी दिव्य सत्संग मिशन नारी विश्वास भारती संस्था करेगी महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन

### सांसद अतुल गर्ग और एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना को दिया निमंत्रण







**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। महाशिवरात्रि के पर्व पर ईश्वरीय मिलन में महाशिवरात्रि कार्यक्रम का 29वां वर्ष है। इसका आयोजन ओम स्वामी दिव्य सत्संग मिशन नारी विश्वास भारती के द्वारा किया जा रहा है। जिसको लेकर संस्था के सदस्यों ने गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, प्रशासनिक अधिकारी रणविजय सिंह सहित कई अन्य अधिकारियों को कासगंज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया है। साथ ही जानकारी दी है कि दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में आरती एवं हरिहर परिक्रमा, परमात्मा की शोभायात्रा ,महामृत्युंजय महायज्ञ एवं महाशिवरात्रि पूजन और भोलेनाथ का भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 का हो रहा विकास





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्रीय विकास के चलते साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को आभार पत्र भेज कर धन्यवाद किया। उन्होंने ने पत्र लिखा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व में देश की राजधानी के पास साहिबाबाद औद्योगिक आता है।

### उद्यमियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के **अध्यक्ष दिनेश मित्तल** ने कहा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट का विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क प्रकाश व नाले का निर्माण भी कार्य पूरा किया जा रहा है, सरकार द्वारा उधमियों को सभी सुविधा मिल रही है।



एसोसिएशन के **उपाध्यक्ष अजीत तोमर** ने बताया प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग क्षेत्र में विकास की गति पकड़ी है, उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री उद्यमियों के साथ हमेशा रहते हैं। इसी के चलते साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में 19 करोड़ की लागत से सड़के बना रही है। वहीं 3 करोड़ से अधिक की लागत से प्रकाश व्यवस्था की जा रही है।



साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के **महासचिव मुकेश गुप्ता** ने कहा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 का विकास प्रगति पर है, करोड़ों रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य हो रहा है।



एसोसिएशन के कार्यालय **सचिव चरणजीत सिंह** ने बताया साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 राजधानी दिल्ली से लगा हुआ क्षेत्र है। इसके विकास के लिए प्रदेश सरकार हर सम्भव कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए सीसीटीवी लगवाए जा रहे हैं। वहीं प्रकाश व्यवस्था हर गली में हर चौराहे पर हाई मास्क लाइट लगाई जा रही है।

## अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के संस्थापक डॉ. गुरदयाल सिंह की श्रद्धांजलि आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गुरदयाल सिंह की श्रद्धांजलि सभा शनिवार को आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष शक्ति जीनवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि उपस्थित रहे। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि डॉक्टर जीएस विशनार एक अधिकारी रहते हुए भी समाज के लिए एक बड़े शुभचिंतक थे उन्होंने 1996 में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की स्थापना जिस उद्देश्य की थी कि समाज को सामाजिक राजनीतिक आर्थिक गुलामी से मुक्त करना। आज देश के 24 प्रदेश में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा देश का विराट वाल्मीकि संगठन कार्यरत है। आज पूरे भारतवर्ष में डॉ विश्वनाथ को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जा रही। इस अवसर पर प्रदीप चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर कृष्णर जैसा व्यक्ति अपने आप में भारत के वाल्मीकि समाज के लोगों के लिए एक विशाल है जिन्होंने अपना सर्वस्व जीवन वाल्मीकि समाज को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित किया





वर्तमान में राम गोपाल राजा अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उनके निर्देश पर पूरे देश में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। डॉ विश्वनाथ नेवाल्मीकि समाज को आगे बढ़ने का सपना देखा था उसे पूरा करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। आज देश के सबसे बड़े वाल्मीकि संगठन के रूप में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा कार्य करती है। उत्तर प्रदेश के 64 जिलों में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर पूरा समाज डॉक्टर विस्नार को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनकी आत्मा की शांति के लिए मोन भी रखता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के अध्यक्ष शक्ति जीनवाल शनि वाल्मीकि अरुण वाल्मीकि अमित राष्ट्रवादी विपिन वाल्मीकि ललित सिंह होते कपिल चौहान जॉनी जीनवाल किस चढ़ा अभिनव वाल्मीकि राजू वाल्मीकि अमित गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर विश्वनाथ की याद में वृक्षारोपण भी किया गया।

## नगर निगम द्वारा की जा रही सीलिंग के विरोध में व्यापारियों ने की बैठक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम व्यापार मंडल कार्यालय पर शनिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम के द्वारा 32 से ज्यादा दुकानों को सील किया गया था। उसके विरोध में व्यापारियों ने अपना अपना विरोध दर्ज कराया गया। इंदिरापुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमवीर यादव ने कहा कि नगर निगम के द्वारा व्यापारियों का टैक्स के नाम पर जो उत्पीड़न किया जा रहा है ।

वह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को इस मामले को लेकर नजर अस्त्र से मिलकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इंदिरापुरम की सड़कों पर अतिक्रमण करने वालो के लिए के साथ राजनेता व प्रशासन आ जाता है । लेकिन जो व्यापारी सभी तरह के टैक्स दे रहा है । उसका उत्पीड़न हो रहा है । उनके साथ ना तो कोई अधिकारी ना ही राजनेता खड़ा हो रहा है। अध्यक्ष ओमबीर यादव, महासचिव दिनेश सक्सेना, उपाध्यक्ष नरेश भटनागर, धीरज त्यागी, कोषाध्यक्ष अरुण त्यागी वार्ड 79 के अध्यक्ष सतीश कसाना, न्यायखण्ड 1 के अध्यक्ष शंकर लाल कश्यप, न्यायखण्ड 2 के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, न्यायखण्ड 3 के अध्यक्ष सुरेश सैन, शक्तीखण्ड के अध्यक्ष मुनिपाल प्रजापति, पवन खेड़ा, मीडिया प्रभारी किशोर ठाकुर आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## प्रकृति फाउंडेशन ने किया बैठक का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा, प्रकृति फाउंडेशन द्वारा संचालित शिवमय भारत मिशन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा देवाधिदेव महादेव का प्यारा पौधा बेलपत्र हर घर के आगे लगे और देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करें। अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पांडे बताया कि दिव्य पौधा बेलपत्र संपूर्ण मानव जाति संपूर्ण प्रकृति का एक अमूल्य पौधा है जिसे लगा करके हम अपने आप का सुरक्षा कवच तैयार कर सकते हैं। जिस घर के आगे या बेलपत्र का पौधा यानी की प्रकृति शिवालय होगा। उसे घर का सुरक्षा चाहे वह आध्यात्मिक की दृष्टि से हो आयुर्वेद की



दृष्टि में हो पोषण की दृष्टि में हो पर्यावरण प्रकृति की दृष्टि में हो सबके लिए बहुत ही उपयुक्त है। रूप ने बताया की महाकुंभ के आयोजन के पहले हमने हवन यज्ञ करके संपूर्ण भारतवासियों से अपील की थी की आप लोग कुंभ अवश्य नहाए और जो कुंभ नहाने जाए वह बाबा का एक बेलपत्र का पौधा अपने घर किया गया उसे लगे। जिससे हमारा शिव मय मिशन का लक्ष्य 11 करोड़ पौधे 11 करोड़ घरों के आगे लगाने का पूरा हो सके।

## दीपक तले अंधेरा : नगर निगम के मोहनगर जोनल कार्यालय के पास सड़क पर बह रहा सीवर का गंदा पानी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वाह रे नगर निगम। यहां तो दीपक तले अंधेरा की कहवात चारितार्थ हो रही है। सफाई के बड़े-बड़े दावे हैं। लेकिन मोहननगर नगर निगम जोनल कार्यालय के पास नाली व सीवर का गंदा पानी लगभग माह से सड़क मार्ग पर बह रहा है। शिकायतों के बाद भी इसकी कोई सुधि लेनेवाला नही है। सीवर लाइन जाम होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। मार्ग में सीवर का पानी बहने के कारण मच्छर काफी तेजी से पनप रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस समस्या से नगर निगम कार्यालय, जलकल कार्यालय को अवगत करा दिया गया है। लेकिन माह बीतने के बाद में समस्या का हल नहीं हुआ। लोग इसी रास्ते आते-जाते हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर निगम में शिकायत के बाद भी अभी तक करवाई नहीं की गई। जबकि मोहन नगर जोनल आरपी सिंह का दावा करते हैं कि हम कहीं भी गंदगी नहीं रहने देते हैं।

जोनल क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का तत्काल निराकरण करा देते हैं। यह





समस्या माह से बनी हुई है। कई बार शिकायत किया गया परंतु समस्या का समाधान नहीं निकला। इस की गंदगी और शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होना गंभीर बात है। गंदे पानी से मच्छर पनप रहे हैं बीमारियां फैल रही हैं। जोनल प्रभारी आरपी सिंह का कहना है कि आगे नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस कारण आगे पानी नहीं जा रहा, जल्दी ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल ने 11वां वार्षिकोत्सव मनाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गौतमबुद्ध नगर दादरी विधानसभा क्षेत्र अच्छेजा में 22 फरवरी को ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल ने अपना 11वां वार्षिकोत्सव मनाया जहां पर एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने इस क्षेत्र की जूनियर वर्ग छात्राओं की पहली फुटबॉल टीम को सम्मानित किया जो जिला स्तर पर प्रथम रनर उप स्थान प्राप्त कर कर आई है। श्रीचंद शर्मा जी ने विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापिका पूजा शर्मा को ग्रामीण क्षेत्र



शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के बहुआयामी विकास के लिए बधाई दे। अच्छेजा के सभी ग्रामीण वासियों ने उनका जोर- शोर से स्वागत किया।

### महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र स्थित एक सोसायटी में खाना बनाने का काम करने वाली महिला ने शनिवार को थाने पहुंचकर सोसायटी की ही रहने वाली महिला व उसके अन्य साथियों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोप है कि महिला ने उन्हें अपने फ्लैट में बुलाया और वहां पहले से मौजूद लोगों के साथ मिलकर धमकी दी साथ ही छेड़छाड़ भी की गई। महिला ने बताया कि वह सोसायटी स्थित फ्लैट में खाना बनाने का काम करती हैं। शनिवार सुबह करीब 11 बजे सोसायटी की रहने वाली एक महिला ने उन्हें अपने फ्लैट में बुलाया। यहां पहले से दो-तीन लोग मौजूद थे। इसके बाद जातिसूचक शब्द कहते हुए उनके साथ छेड़छाड़ की गई और धमकी भी दी गई। धक्का-मुक्की के दौरान उन्हें चोट भी आई। पीड़िता ने बताया कि विवाद सोसायटी में सच्चाई बताने पर हुआ था। उनके बहनोई डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। दो-तीन दिन पहले देर रात उनका बहनोई आरोपी महिला के घर पार्सल डिलीवरी करने पहुंचा था। इस पर महिला ने उन्हें फ्लैट के अंदर बुलाकर शारीरिक संबंध स्थापित करने का दबाव बनाया था। बहनोई वहां से वापस लौट गया और घर पहुंचकर उन्हें पूरी बात बताई। अगले दिन उन्होंने अपनी मालकिन को यह मामला बताया। इस पर उनकी मालकिन ने आरडब्ल्यूए से इस बारे में बातचीत की। इस बात से नाराज महिला ने उन्हें बुलाकर अभद्रता करते हुए धमकी दी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिली है, जिसके आधार पर संबंधित चौकी प्रभारी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## 'टूटी सीट पर यात्रा की', शिवराज सिंह चौहान ने एयर इंडिया से की शिकायत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एअर इंडिया की सेवाओं पर सवाल उठाते हुए एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने विमान में सीट की खराब स्थिति को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि उन्हें भोपाल से दिल्ली की यात्रा के लिए एअर इंडिया की फ्लाइट एआई436 में टिकट मिला था, जहां उन्हें सीट नंबर 8C आवंटित की गई, लेकिन जब वे अपनी सीट पर पहुंचे, तो देखा कि वह टूटी हुई थी और अंदर धंसी हुई थी, जिससे बैठना तकलीफदेह हो गया। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इस मामले को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने एयर इंडिया को भी टैग किया है। इस पोस्ट में केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि आज मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के माननीय प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है। मैंने एअर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एआई436 में टिकट करवाया था। मुझे सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 23 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# आज हो जायेगा नामांकन के साथ सुल्लामल की चुनावी महाभारत का ऐलान

## एक पैनल से घोषित हो गये नाम और दूसरे पैनल की तस्वीर आज होगी साफ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहरकी सबसे पुरानी रामलीला के चुनाव की रणभेरी बज गई है। चुनाव तारीख तय हो गई और शनिवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। रामलीला कमेटी का चुनाव 28 फरवरी को होगा। आज नोमिनेशन फार्म जमा होने हैं और आज ही नोमिनेशन जमा करने की अंतिम तिथि भी है। नोमिनेशन प्रक्रिया, नोमिनेशन फार्म के साथ शुरू हुई। पहले वोटर लिस्ट चस्पा हुई और उसके बाद 7 पदों के लिए नोमिनेशन लिये गये। इस चुनाव में ये पहले ही तय कर दिया गया है कि जिनके नाम वोटर लिस्ट में होंगे, वो ही सदस्य चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं। शनिवार को पहला पैनल सामने आ गया। सुभाष गुप्ता लोहे वाले अध्यक्ष पद के लिए इस चुनाव में आ रहे हैं। उन्होंने शनिवार को नामांकन पत्र लिया। इसके अलावा अनाज मंडी के अध्यक्ष नरेश प्रधान महामंत्री पद के लिए इसी पैनल से उम्मीदवार होंगे। हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य तथा दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल साजू वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में हैं। कार्यवाहक महामंत्री पद संभाल रहे दिनेश शर्मा बब्बे एक बार फिर से कमेटी में मंत्री पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। आन्तरिक लेखा परीक्षक पद के लिए रविन्द्र मित्तल उम्मीदवार होंगे।

### सुधीर गोयल मोनू लड़ेंगे कोषाध्यक्ष पद पर और अनिल चौधरी उपाध्यक्ष पद पर

**करंट क्राइम।** एक लंबे समय के बाद कई बार टलने के बाद शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी का चुनाव हो रहा है। इस चुनाव में कई रोचक मोड आयेंगे। लंबे समय से हर पैनल में कोषाध्यक्ष बनने वाले अनिल चौधरी इस बार कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

वो अब इसी कमेटी में कोषाध्यक्ष से डिमोट होकर कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में हैं। वहीं फूड ग्रेन एसोसिएशन के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में आ गये हैं। सुधीर गोयल मोनू ने पहले भी ये ऐलान किया था कि वो रामलीला कमेटी में कुछ सुधार चाहते हैं और उसके लिए वो चुनाव में आयेंगे। उन्होंने अपने वादे को पूरा किया है और चुनाव लड़ने के लिए मैदान में हैं।

### तो क्या वीरो बाबा मिलेंगे अशोक वाटिका में बन कर केयर टेकर

**करंट क्राइम।** वर्ष 2018 में वीरेन्द्र कुमार वीरो रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बनाये गये। उसके बाद कोरोना आ गया और फिर कई बार चुनाव टला। कई बार कानूनी पेंच फंस गया। वीरेन्द्र कुमार वीरो बाबा अपने पद पर बने रहे। नामांकन पत्र जब लिये जा रहे थे तो शनिवार को निवर्तमान अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार वीरो ने कोई नामांकन पत्र नहीं लिया। आज नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख है। आज 4 बजे तक नामांकन फार्म जमा किया जा सकता है। ऐसे में अभी संभावना है कि वीरो बाबा इसी पैनल से आ सकते हैं। लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि यहां संधि कुछ ऐसी हुई है कि अशोक वाटिका की कुंजी वीरो बाबा के पास रहेगी। उनकी आयु-अनुभव और ईमानदार कार्यशैली के लिए सब उन्हें जानते हैं। सूत्र बताते हैं कि वीरो बाबा को 365 दिनों के लिए केयर टेकर की जिम्मेदारी मिलेगी और वो अशोक वाटिका में बैठेंगे। मैदान में बुकिंग की रसीद वही काटेंगे।

### आज आयेगा अजय बंसल-प्रदीप मित्तल-मिथलेश वाला पैनल

**करंट क्राइम।** शनिवार को रामलीला कमेटी की बैठक हुई। चुनावी नामांकन प्रक्रिया का पहला कदम बढ़ाया गया। चुनाव लड़ने के इच्छुक सदस्यों को नामांकन पत्र थमाया गया। पहला पैनल लगभग स्पष्ट हो चुका है और अब दूसरा पैनल अजय बंसल का बताया जाता है। सूत्र बताते हैं कि आज अजय बंसल का पैनल आयेगा। इस पैनल में प्रदीप मित्तल और मिथलेश के नाम तय माने जा रहे हैं। अन्य सदस्य आज तय हो जायेंगे। ये फार्म आज ही जमा होगा क्योंकि आज नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि है। प्रदीप मित्तल कोषाध्यक्ष के लिए आयेंगे। अजय बंसल अध्यक्ष पद के लिए आयेंगे और बाकी के पत्ते आज दोपहर में खुल जायेंगे।

# गंगा समिति ने किया हिंडन महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन, सीडीओ ने दिया सहयोग का आश्वासन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गंगा समिति द्वारा हिंडन महोत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के समक्ष इस महोत्सव का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। उत्थान समिति के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने इस दौरान महोत्सव में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों, उनकी रूपरेखा और संभावित प्रभावों पर चर्चा की।



### महोत्सव का उद्देश्य और कार्यक्रमों की रूपरेखा

गंगा समिति के सदस्यों ने प्रेजेंटेशन के दौरान बताया कि हिंडन महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, नदी की स्वच्छता, जागरूकता और स्थानीय समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस अभियान को नमामि गंगे परियोजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को नदी संरक्षण और स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा सके।

महोत्सव के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं :

1. **चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता :** स्कूली बच्चों के लिए, जिसमें वे अपने विचारों के माध्यम से नदी संरक्षण का संदेश देंगे।
2. **सांस्कृतिक कार्यक्रम :** जिसमें नृत्य, नाटक और संगीत के जरिए जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा।
3. **सफाई अभियान :** हिंडन नदी के किनारों पर स्थानीय संगठनों और प्रशासन के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।
4. **वृक्षारोपण अभियान :** हिंडन नदी के आसपास हरियाली बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा।
5. **पर्यावरणीय जागरूकता रैली :** जिसमें स्कूली छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भाग लेंगे।
6. **विशेष व्याख्यान एवं कार्यशालाएँ :** पर्यावरणविदों और विशेषज्ञों द्वारा जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर जानकारी दी जाएगी।

### सीडीओ ने दिया सहयोग का आश्वासन

करंट क्राइम। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने गंगा समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हिंडन महोत्सव न केवल नदी की सफाई का अभियान है, बल्कि समाज में जागरूकता लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग करेगा। सीडीओ ने निर्देश दिया कि इस अभियान से अधिक से अधिक स्थानीय संगठनों, स्कूलों, कॉलेजों और नागरिक समूहों को जोड़ा जाए ताकि यह एक जन आंदोलन बन सके। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस महोत्सव में तकनीक और मीडिया के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के उपायों को भी शामिल किया जाए।



### गंगा समिति के पदाधिकारियों ने व्यक्त की खुशी

**करंट क्राइम।** गंगा समिति के पदाधिकारियों ने सीडीओ के समर्थन और सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि इस महोत्सव को स्थानीय प्रशासन, सरकारी विभागों, पर्यावरण संगठनों और नागरिकों के सहयोग से व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। समिति ने बताया कि वे जल्द ही महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा और आयोजन की तारीखों की घोषणा करेंगे।

### स्थानीय नागरिकों और संगठनों की भागीदारी होगी अहम

**करंट क्राइम।** बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि महोत्सव में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों, स्कूली छात्रों और कॉलेज युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, नदी के संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों और स्वयंसेवी संगठनों को भी आमंत्रित किया जाएगा, जो हिंडन नदी को पुनर्जीवित करने के लिए प्रभावी सुझाव और समाधान प्रस्तुत करेंगे।

### जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**करंट क्राइम।** हिंडन महोत्सव को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से नदियों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आएगा और स्वच्छता अभियान को एक नई गति मिलेगी। गंगा समिति के अनुसार, यह महोत्सव केवल एक आयोजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक सतत जागरूकता अभियान के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि हिंडन नदी और अन्य जल स्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# नदियापार में कितने चल रहे हैं सेक्स रैकेट के अड्डे

## एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में दूसरी कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली से सेट नदिया पार के कई इलाकों में पुलिस बीते कुछ दिनों में ही एक के बाद एक अवैध रूप से चलने वाले अनैतिक दिए व्यापार के अड्डों पर छापेमारी करके कार्रवाई कर चुकी है। इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों पर अब तक कार्रवाई हुई है। तो इसी कड़ी में शनिवार को एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना इंदिरापुरम और कौशांबी पुलिस ने वैशाली सेक्टर-05 के एक मकान में छापेमारी करते हुए तीन महिलाओं का रेस्कूय किया है। तो वहीं एक महिला संचालिका मैनेजर, संचालक और ग्राहक को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में मोहम्मद जाहिद संचालक दिल्ली करावल नगर, गौतमेश ग्राहक और महिला संचालिका मैनेजर को फ्लैट से ही गिरफ्तार किया गया है।

### दो महीने में पुलिस ने दर्जनभर को भेजा जेल



### एसीपी के नेतृत्व में दूसरी बार कार्रवाई

**करंट क्राइम :** एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव को 26 जनवरी को ही यहां जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने बीते लगभग 26 दिनों के दौरान अब तक दो ऐसे अनैतिक देह व्यापार करने वाले सेंटरों पर छापा मारकर कार्रवाई की है। साथ ही कई आरोपियों को दबोचा भी गया है।

### किराए पर रहने के लिए लिया था फ्लैट और शुरू कर दिया धंधा

**करंट क्राइम :** पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि वैशाली सेक्टर-5 स्थित मकान में अनैतिक कारोबार देह व्यापार संचालित होने की सूचना मिली थी। जिसमें भोली भाली गरीब महिलाओं को बहला फुसलाकर देह व्यापार करवाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस को सूचना मिली, तो छापेमारी करते हुए यहां से तीन आरोपियों की गिरफ्तार की गई है जबकि तीन महिलाओं को देह व्यापार के धंधे से मुक्त करवाया गया है। पुलिस ने बताया है की संचालिका मैनेजर ने यह मकान किराए पर लिया था और रहने की बात बताई थी ,जबकि यहां बीते कई महीने से यह है अनैतिक देह व्यापार चल रहा था।

# मैनेजर नहीं दे रहा था सैलरी, कर्मचारियों ने ही कर डाली थी लूट

## पुलिस ने आरोपी और कार की बरामद ,फरार साथियों की तलाश जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देहात जोन पुलिस ने पेट्रोल पंप पर हुई लूट की वारदात का बेहद रोचक अंदाज में खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप पर लूट के मामले में थाना मसूरी पुलिस और स्वॉट टीम ग्रामीण ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने लूट में इस्तेमाल की गई कार और तेल भरने के लिए उपयोग में आए केन बरामद किए हैं। वहीं गिरफ्तार आरोपी सुमित ने पूछताछ में बताया है कि वह उसके दो साथी रजत और विकास इसी पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के रूप में काम करते थे। तीनों को कई महीने से सैलरी नहीं मिल रही थी। बार-बार मांगते थे पर पैसे ना मिलने की वजह से वह नाराज थे और इसी वजह से उन्होंने लूट का प्लान बनाया था। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम में थाना प्रभारी मसूरी अजय कुमार ने खुलासे के बारे में जानकारी दी।

### पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया घटना का खुलासा



### नहीं खुलती घटना, तो बढ़ा रहता अधिकारियों का बीपी

**करंट क्राइम :** मसूरी थानाक्षेत्र में हुई पेट्रोल पंप में लूट के मामले का खुलासा पुलिस ने लगभग 24 घंटे के भीतर कर दिया है। इस मामले का खुलासा अगर ठीक नहीं होता तो अधिकारियों का ब्लड प्रेशर बढ़ा रहता। बता दें कि इससे पहले सिटी में भी एक लूट हुई थी। जिसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में हापुड़ पुलिस ने बेहतर लीड हासिल करते हुए ,काफी सफलता हासिल कर ली है।

### सीसीटीवी में दिखे पंप कर्मचारी, तो पुलिस को हुआ था शक

**करंट क्राइम :** एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने जानकारी दी है की घटना शुक्रवार सुबह तीन बजे मेरठ एक्सप्रेस-वे हवा हवाई रेस्टोरेंट पेट्रोल पंप की थी। आरोपियों को पता था कि पेट्रोल पंप 12 बजे बंद हो जाता है। उन्होंने कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वारदात को अंजाम दिया। पंप पर पहुंचकर मशीन चालू की और साथ केन में तेल भर लिया। फुटेज मिटाने के लिए ऑफिस गए थे, इस दौरान गार्ड से झड़प हो गई, धक्कामुक्की में गार्ड गिरा तो उसके चोट भी आई हैं। वहीं पुलिस ने बताया है कि पेट्रोल पंप ग्राहकों के साथ तेल चोरी की जानकारी इनके की कर्मचारियों द्वारा दी गई है। वहीं कहा जा रहा है कि मुंशी रोजाना इसके पैसे वसूलता है। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं: श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज



## 'महाशिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी बहुत महत्व है'






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का बहुत अधिक महत्व है। इस पर्व भगवान शिव का व्रत रखकर, उनकी पूजा-अर्चना करने व जलाभिषेक करने से हर प्रकार के कष्ट दूर होते हैं और भगवान शिव की कृपा से सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्राप्ति होती है। महाराजश्री ने बताया कि इस बार चतुर्दशी दो दिन है, मगर महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी को ही मनाया जाएगा। चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू होगी और उसका समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर होगा। हिंदू धर्म में व्रत-त्योहार को उदया तिथि के आधार पर मनाने की परंपरा है, मगर महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना रात्रि में होती है। इसी कारण महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को ही मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर मेंजलाभिषेक करने का बहुत अधिक महत्व है। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान दूधेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने व पूजा-अर्चना करने से भगवान दूधेश्वर की कृपा से सभी संकट व कष्ट दूर होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी कारण महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में लाखों भक्तों का सैलाब उमड़ता है। पूरे देशसे भक्त भगवान के जलाभिषेक के लिए आते हैं। इस बार भी देश भर के लाखों भक्त मंदिर पहुंचकर भगवान का जलाभिषेक करेंगे और इसके लिए सभी सरकारी विभागों व अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से ऐसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं कि जलाभिषेक के दौरान किसी भी भक्त को कोई परेशानी ना हो।

श्रीहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी बहुत अधिक महत्व है। महाशिवरात्रि पर्व की रात उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार से अवस्थित होता है कि मनुष्य के शरीर के भीतर की ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर ब्रह्मांड की ओर जाने लगती है। ऐसा लगता है कि मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचाने में खुद प्रकृति भी मदद कर रही है। महाशिवरात्रि की रात को रीढ़ सीधी करके ध्यान मुद्रा में बैठने या मंत्रोच्चारण आदि करने से व्यक्ति को इस प्राकृतिक स्थिति का ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलता है, जिससे उसका बल व आत्मविश्वास बढता है।

## संपादकीय

# अभिव्यक्ति की आजादी

केंद्र सरकार ने यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी के विवाद के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए अडवाइजरी जारी की है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी संबंधित कानूनों के पालन की सलाह दी। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं पर ध्यान देते हुए टिप्पणी पर नाराजगी जताई है।

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की एक अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए जारी की गई अडवाइजरी ने स्वाभाविक ही सबका ध्यान खींचा है। हालांकि, सरकार इस मामले में अपनी तरफ से काफी संयम बरतती हुई दिखी है और उसके ताजा कदम को मुख्यतया सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन यह कदम भी कई सवालों को जन्म दे रहा है। विवाद का दायरा भारत जैसे पारिवारिक मूल्यों वाले समाज में ऐसी संवेदनहीन टिप्पणी सामने आने पर विवाद खड़ा हो जाना अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। उसके बाद कई राज्यों में दर्ज हुई को भी कुछ हद तक इन विवादों का स्वाभाविक परिणाम माना जा सकता है। लेकिन इस एक शो में हुई टिप्पणी के आधार पर अभिव्यक्ति की आजादी जैसे अहम मसले को बहस के दायरे में ले आना कितना उचित है और कितना आवश्यक, यह जरूर देखने वाली बात होगी।

सरकार की सतर्कता संभवत इसीलिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के मद्देनजर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए अडवाइजरी जरूर जारी की, लेकिन इसमें सभी संबंधित कानूनों के मौजूदा प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की सलाह तक सीमित रही। इस बाबत किसी तरह की चूक होने पर भी वह स्वनियामक प्रणाली के इस्तेमाल को प्राथमिकता देती दिख रही है।

सीमाएं भी निर्धारित यह बात ध्यान देने की है कि अपने देश की न्यायपालिका नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शुरू से संवेदनशील रही है। सत्तर के दशक के मध्य में लागू हुई इमर्जेंसी की छोटी सी अवधि को छोड़ दें तो जब भी इस अधिकार को बाधित या सीमित करने की जानी-अनजानी कोशिश हुई, सुप्रीम कोर्ट इसके बचाव में खुलकर सामने आया। इसलिए इस मान्यता को लेकर सर्वसम्मति सी बनी रही कि संविधान के अनुच्छेद 19 ( 1 ) ( ए ) के तहत मिली अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं भी संविधान के ही अनुच्छेद 19 ( 2 ) ने तय कर दी है। इन सीमाओं का विस्तार करने का कोई भी बहाना उचित नहीं माना जाएगा। कोर्ट का रुख रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मौजूदा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत जरूर दी, लेकिन न केवल इन टिप्पणियों पर सख्त नाराजगी दिखाई बल्कि इन यूट्यूबर्स के कोई भी विडियो अपलोड करने या शो करने पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी। सवाल है कि क्या इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में शीर्ष अदालत अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे को पुनर्परिभाषित करने की जरूरत महसूस कर रही है। आने वाले दिनों में कोर्ट का रुख देखकर ही इस बारे में कोई अंतिम राय बनाई जा सकेगी।

## नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने पर

# भारतीय रिजर्व बैंक ने सिटी बैंक पर लगाया 39 लाख का जुमार्ना




### पिछले सप्ताह दो बैंकों पर लगाया था जुमार्ना

भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले शुक्रवार को नियामकीय नियमों के उल्लंघन के लिए दो बैंकों- नैनीताल बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक- पर कुल 68.1 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि 'अग्रिमों पर ब्याज दर' और 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर कुछ निदेशों का पालन न करने के लिए नैनीताल बैंक लिमिटेड पर 61.40 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा, आरबीआई ने 'ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निदेशों का पालन न करने के लिए उज्जीवन लघु वित्त बैंक पर 6.70 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया।

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने निदेशों का पालन न करने पर सिटी बैंक एनए पर 39 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। बैंक ने जोखिम से जुड़े नियमों का पालन नहीं किया था। साथ ही क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को ऋण के बारे में जानकारी देने में देरी की थी। रिजर्व बैंक ने सिटी बैंक की 31 मार्च 2023 तक की वित्तीय स्थिति के मूल्यांकन दौरान यह अनियमितता पाई थी। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने कुछ अन्य कंपनियों पर जुमार्ना लगाया है।

आरबीआई की ओर से कहा गया कि निदेशों का पालन करने पर सिटी बैंक एनए को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि आरबीआई के निदेशों का पालन करने में विफल रहने के लिए उस पर जुमार्ना क्यों न लगाया जाए? नोटिस को लेकर बैंक की ओर से मिले जवाब और व्यक्तिगत रूप से दिए गए मौखिक उत्तर पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि बैंक ने जोखिम सीमाओं में कुछ उल्लंघनों की सूचना देरी से दी। इसके बाद बैंक ने क्रेडिट सूचना कंपनियों से अस्वीकृति रिपोर्ट प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर कुछ खंडों से संबंधित संशोधित डाटा अपलोड नहीं किया था। इसके अलावा आरबीआई ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी हाउसिंग फाइनेंस (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2021 के कुछ प्रावधानों का पालन न करने पर जेएम फाइनेंशियल होम लोन्स लिमिटेड पर 1.50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। वहीं नियमों का पालन करने पर आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड पर 6.20 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरबीआई ने कहा कि सभी मामलों में जुमार्ना नियमों के पालन में कमियों पर आधारित है। इसका मतलब संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है।

# 'भारत की वृद्धि दर में वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में हो सकता है सुधार'



**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच जो नकारात्मक अंतर, वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में देखा गया, उसमें तीसरी तिमाही में सुधार हो सकता है। आइए जानते हैं, रिपोर्ट में क्या-क्या है।

वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है, जिसमें जीडीपी वृद्धि 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में यह आकंड़ा 5.4 प्रतिशत था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच जो नकारात्मक अंतर, वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में देखा गया, उसमें तीसरी तिमाही में सुधार हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत (जो दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत थी) हो जाएगी, क्योंकि 25 में जीडीपी और जीवीए वृद्धि के बीच देखा गया नकारात्मक अंतर संभवतः 25 में बेअसर हो गया।

हालांकि, रिपोर्ट ने जीडीपी डेटा और राजकोषीय डेटा में दर्शाए गए शुद्ध अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि के रुझानों के बीच एक विसंगति की ओर भी इशारा किया। इसने चेतावनी दी कि इस तिमाही में राजकोषीय आंकड़ों में शुद्ध अप्रत्यक्ष कर वृद्धि में गिरावट से द3ऋ25 में भी नकारात्मक जीडीपी-जीवीए वृद्धि अंतर जारी रहने का जोखिम हो सकता है। रिपोर्ट ने पूरे साल के लिए जीडीपी विकास पूर्वानुमान को 6.4 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है, जिसके लिए वित्त वर्ष की दूसरी छमाही (ल्२) में लगभग 6.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता होगी, जबकि पहली छमाही में यह 6 प्रतिशत थी।

# 'बाजार में अधिक तेल होने से ईंधन की कीमतों में कमी संभव': पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में तेल की अधिक आवक के कारण ईंधन की कीमतों में कमी आ सकती है, उनका मानना है कि ऐसा होने से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में विश्वास जताया है कि भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के मोर्चे पर भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। पुरी के अनुसार, भारत अर्जेंटीना सहित 40 देशों से तेल खरीदरता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में पर्याप्त तेल है, इसलिए तेल उत्पादक देश जो कटौती कर रहे हैं, उन्हें भी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि तेल खरीद में डॉलर के इस्तेमाल को खत्म करने का इरादा कभी नहीं था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ह्यअधिकांश लेनदेन डॉलर में होते हैं और हमेशा से होते आए हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, अमेरिका में, उन्होंने (ट्रंप ने) कहा, ड्रिल, बेबी, ड्रिल। जो अधिक ड्रिलिंग करने और अधिक तेल निकालने का संकेत है। उन्होंने आधिकारिक रूप से कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को कम करना चाहते हैं।



पुरी ने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले समय में वैश्विक ऊर्जा की स्थिति में सुधार होगा। बाजार में अधिक ऊर्जा आएगी और उम्मीद है कि इससे कीमतों में कमी लाने में मदद मिलेगी। जब ऊर्जा कम कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होती है, तो इससे महंगाई को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का प्राथमिक उद्देश्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कम कीमतों पर पर्याप्त तेल खरीदना है।

# स्वास्थ्य पर असर डालने वाले कारकों के आधार पर तय होगा प्रीमियम, बीमा कंपनियां कर रही ये तैयारी




**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों का मानना है कि कई ऐसे कारक होते हैं, जिनकी वजह से उन्हें ज्यादा दावों का भुगतान करना होता है, जबकि प्रीमियम एक ही तरह का होता है। हालांकि, बीमा कंपनियों को यह नियम लागू करने के लिए भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) से मंजूरी लेनी होगी।

आने वाले दिनों में आपको स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों के आधार पर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए ज्यादा प्रीमियम देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य बीमा कंपनियां इस तरह की योजना बना रही हैं। इसकी शुरूआत दिल्ली से हो सकती है, जहां बीमा प्रीमियम में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है। बीमा कंपनियों का मानना है कि कई ऐसे कारक होते हैं, जिनकी वजह से उन्हें ज्यादा दावों का भुगतान करना होता है, जबकि प्रीमियम एक ही तरह का होता है। हालांकि, बीमा कंपनियों को यह नियम लागू करने के लिए भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) से मंजूरी लेनी होगी।

बता दें कि यह पहली बार होगा जब देश में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की गणना में वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों को शामिल किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि जहरीली हवा के कारण 2024 में दिल्ली के ज्यादातर निवासी अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और हृदय संबंधी बीमारियों के कारण अस्पतालों में भर्ती हुए। इससे बीमा कंपनियों को दावे के एवज में ज्यादा भुगतान करना पड़ा। इंश्योरेंस कंपनी स्टार हेल्थ के परिचालन प्रमुख अमिताभ जैन ने कहा, हमें मूल्य निर्धारण में एक अलग कारक के रूप में प्रदूषण के बारे में विचार करना होगा।

### सांस की बीमारियों के एवज में 8.3% बढ़े दावे

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और मेडी असिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक सांस से संबंधित बीमारियों के दावों में 8.3 फीसदी की वृद्धि हुई। इससे स्वास्थ्य देखभाल लागत में सबसे अधिक वृद्धि हुई। स्टार हेल्थ व आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने कहा, अगर खराब वायु गुणवत्ता बनी रही तो प्रदूषण जल्द ही स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम निर्धारित करने में प्रत्यक्ष कारक बन सकता है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने कहा, उद्योग विशेष रूप से प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का एक नया सेगमेंट पॉलिसी में जोड़ सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- सोने जाने के पहले बिस्तर पर 93 प्रतिशत लोग अपने सोने के लिए मिलने वाले घंटे गिनते हैं।
- हंसने से 50 प्रतिशत तक मानसिक दवाब कम होता है।
- गर्म तरल पेय पीने से दूसरों पर भरोसा बढ़ता है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।
- कोई फैसला लेने में कठिनाई आ रही है एक सिक्का हवा में उछालिए। इसके नतीजे पर फैसला नहीं लेना है बल्कि जब सिक्का हवा में ही होगा आप को समझ आ जाएगा कि क्या चाहते हैं।
- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।
- अगर आप कम सोते हैं तो आपके वजन बढने की संभावना बढ जाती है।

## राशिफल

**मेष:** व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित स्थान पर रखें, जिसे आप भविष्य में पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

**वृष:** आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। अगर आप आयात-निर्यात क्षेत्र से जुड़े हैं तो आपको फायदा होगा।

**मिथुन:** आज आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि मानसिक तनाव हावी रहेगा और स्वास्थ्य भी कमजोर हो सकता है।

**कर्क:** आज अचानक धन लाभ होने की संभावना है। व्यापार के मामले में आज लाभदायक विकास संभव है, जिसका भविष्य में आपको अच्छा परिणाम मिलेगा।

**सिंह:** अपने अंदर अतिरिक्त ऊर्जा महसूस करेंगे। आज आपको आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आपके करियर को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला:** आज के दिन आपको नौकरी में परिवर्तन की संभावना नजर आ रही है अतः सावधान रहें। परिवार के बुजुर्गों का स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। रिश्तेदारों से कोई बड़ा तोहफा मिल सकता है। व्यापारिक यात्राएं लाभप्रद रहेंगी। किए अच्छे काम की तारीफ हो सकती है।

**धनु:** इस समय आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, इसलिए यदि आवश्यक हो, तो बीमार पड़ने से पहले आवश्यक दवा लें।

**मकर:** आज का दिन शुभ रहेगा। किसी काम में आपको दोस्तों की मदद मिल सकती है। कई दिनों से फंसा हुआ आपका पैसा आपको वापस मिल सकता है।

**कुंभ:** आज के दिन को अच्छा बनाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। लव लाइफ में आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा।

**मीन:** व्यावहारिक मामलों को निपटाने में सफल रहेंगे। आपका अच्छा व्यवहार दूसरों को प्रभावित करने में आपकी मदद करेगा। आप अपने प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे।

## चुटकुले

बैठे-बैठे अचनक विचार आया कि...
सब लोग इज्जत की रोटी कमाना चाहते हैं...
लेकिन...
कोई इज्जत की सब्जी क्यों नहीं
कमाना चाहता...!!

---

परेशान पप्पू ने गप्पू से कहा...
पता नहीं दूसरों के घर वाले लव मैरिज के लिए
कैसे मान जाते हैं...
यहां तो अपनी पसंद की सब्जी भी मांग लो तो जूते
पड़ते हैं...!!!

---


डॉक्टर - आपके अंदर आयरन
की कमी है!
पप्पू - तो क्या करूं, कीलें खाऊं
या सरिया...!!!

# 23 02 2025 करंट क्राइम

## सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



करन सिंह ग्रोवर
अभिनेता



सवि चंद्रा



शोभित शर्मा
(पत्रकार)



सत्यंम पंडित



युग छाबड़ा



अंकित गोयल



चेतन वर्मा



केशव चौधरी



मानु अरोड़ा



विजय सिंह



विशु कसाना



योगेंद्र कश्यप



अनुराग त्रिपाठी



विशाल गुप्ता



श्रेयांश टंडन



राजन कनोजिया



भुपेश गुप्ता



कुलभूषण शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 3-1 से हराया, महिला टीम जर्मनी से 0-4 से हारी




**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आयरलैंड को 3-1 से हरा दिया। वहीं, भारतीय महिला हॉकी टीम का शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसे जर्मनी से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम को आठवें मिनट में आयरलैंड ने चौंका दिया जब जेरेमी डंकन ने मैदानी प्रयास से गोल किया। लेकिन भारतीयों ने जोरदार वापसी की और 22वें मिनट में मंदीप सिंह के जरिए मैदानी गोल किया। इसके बाद जरमनप्रीत सिंह (45वें मिनट) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से एक-एक गोल करके भारत को जीत दिलाई। भारत अब शनिवार को रिटर्न लेग मैच में आयरलैंड से भिड़ेगा। भारत फिलहाल पांच मैचों में नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। पहले क्वार्टर में आयरलैंड का दबदबा रहा जिसमें उन्होंने सर्कल में कई बार सेंध लगाई और आठवें मिनट में डंकन के गोल से बढ़त बना ली जिन्होंने गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को पछाड़ते हुए गोल दागा। भारत ने दूसरे क्वार्टर में दमदार हमले किए जिसमें सुखजीत ने गोल का अच्छा प्रयास किया लेकिन यह सफल नहीं हुआ। आयरलैंड का रक्षण मजबूत था। लेकिन मंदीप ने 22वें मिनट में दनदनाता गोल कर टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम बढ़त हासिल करने के लिए प्रयत्न करती रही और यह मौका आखिरकार 45वें मिनट में मिला जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला।

हरमनप्रीत की ड्रैग फ्लिक को आयरलैंड के गोलकीपर ने रोक दिया लेकिन जरमनप्रीत ने तेजी से रिबाउंड पर गोल कर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया। अंतिम 15 मिनट में गोल करने के कई मौके आये। अंतिम क्वार्टर खत्म होने में कुछ ही मिनट बचे थे कि भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और दबाव में आई आयरलैंड के ल्यूक विथ्रो को पीला कार्ड दिखाया गया। हूटर बजने में एक से ऊपर का ही मिनट बचा था और सुखजीत ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया।

### भारतीय महिला टीम को मिली हार

जर्मनों ने शुरू से अंत तक मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। उसके लिए एमिली वोर्टमैन (तीसरे मिनट) और सोफिया श्वाबे (18वें, 47वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल दागे। फिर जोहाने हैचेनबर्ग ने 59वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

जर्मनों ने मैच में 10 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जबकि भारत को केवल दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को फिर से जर्मनी से होगा। भारत चार मैच में छह अंक लेकर नौ टीम की तालिका में सातवें स्थान पर है जबकि जर्मनी छह मैच में सात अंक लेकर उससे एक पायदान ऊपर है।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच में भारत का राष्ट्रगान बजा

# लाहौर स्टेडियम में दर्शक शोर मचाने लगे फिर ऑस्ट्रेलिया का एंथेम बजाया गया



**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का चौथा मैच सोमवार को लाहौर में खेला जा रहा है। यहां के गद्दाफी स्टेडियम में अचानक भारत का राष्ट्रगान बज गया। स्टेडियम एडमिनिस्ट्रेशन फौरन इसमें सुधार किया। हालांकि, इस दौरान स्टेडियम मौजूद दर्शक हैरान रह गए और शोर मचाने लगे।

यह पूरा वाक्या तब हुआ जब टॉस के बाद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीम अपने राष्ट्रगान के लिए मैदान में पहुंची थीं। इंग्लैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान बजना था, लेकिन गलती से भारत का राष्ट्रगान चला दिया।

सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहे हैं, उनमें 'भारत भाग्य विधाता' कुछ सेकेंड्स के लिए सुनाई दे रहा है। हालांकि, कुछ सेकेंड्स बाद ही भारतीय राष्ट्रगान को बंद कर दिया गया और दोबारा से ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान लगाया गया।

पावरप्ले में इंग्लैंड ने 73 रन बनाए, 2 विकेट गिरा मैच का पहला पावरप्ले मिलाजुला रहा। इंग्लैंड ने शुरूआती ओवर्स में 2 विकेट गंवा दिए थे। उसके बाद टीम ने पावरप्ले-1 में 73 रन बनाने में कामयाब हो गई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने फिल सॉल्ट और जैमी स्मिथ को पवेलियन की राह दिखाई।

भारत के मैच दुबई में खेले जाएंगे क्‍उउ ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 हाइब्रिड मॉडल में खेली जा रही है। पाकिस्तान की मेजबानी में टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में ही खेलेगा, टीम के ग्रुप में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं।

भारत अपना पहला मैच बांग्लादेश से जीत चुका है। दूसरा मुकाबला पाकिस्तान से रविवार को होगा। न्यूजीलैंड से 2 मार्च को टीम इंडिया भिड़ेगी।

दुबई में ही एक सेमीफाइनल भी खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचा तो यह मैच भी दुबई में होगा। जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे।

# 'संडेज ऑन साइकिल' बड़ा हिट, चार हजार स्थानों पर दो लाख से अधिक साइकिल चालक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया का महत्वाकांक्षी 'संडेज ऑन साइकिल' अभियान पिछले साल दिसंबर में शुरू हुआ जिसके बाद से इसमें 4,000 स्थानों पर दो लाख से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया है। भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई) और माई भारत के सहयोग से आयोजित 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख अभियान ने जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु और कोलकाता से लेकर औरंगाबाद तक के क्षेत्रों को कवर किया है जो स्वस्थ भारत का संदेश फैला रहा है।

पिछले साल 17 दिसंबर को शुरू हुआ यह अभियान ज्यादातर देश भर के विभिन्न भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले बड़े संस्थानों में भारतीय सेना, इंडिया पोस्ट, सीआरपीएफ, आईटीबीपी शामिल हैं जबकि साप्ताहिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रमुख खेल हस्तियों में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के अलावा नीतू घंघास, स्वीटी बूरा, प्रीति पवार और पैरा निशानेबाज रुबीना फ्रांसिस शामिल हैं।

इस पहल का समर्थन करने वाले अन्य शीर्ष एथलीट ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश हैं। मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, 'इस अभियान मुख्य संदेश मोटापे के खिलाफ लड़ाई हैं जो माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है कि नशीली दवाओं को नहीं कहें, फिटनेस के लिए साइकिल चलाएं और प्रदूषण का समाधान।'

'संडेज ऑन साइकिल' का आगामी चरण सरकारी कर्मचारियों, महिलाओं, डॉक्टरों और बच्चों सहित अन्य पर केंद्रित होगा।

# खेल मंत्रालय ने प्रदर्शन की समीक्षा के बाद टॉप्स कोर ग्रुप में भारी कटौती की

**विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में होना चाहिए था। पिछली सूची में एथलेटिक्स में 30 नाम शामिल थे लेकिन अब अपडेट किए गए ग्रुप में केवल तीन एथलीट हैं और उनमें से कोई भी महिला नहीं है।**



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के कोर ग्रुप को हाल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की समीक्षा के बाद 179 से घटाकर 94 कर दिया गया है जिसमें भारत के कुछ बड़े खिलाड़ियों के नाम हटा दिए गए हैं क्योंकि टेनिस, तैराकी और गोल्फ को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला है जबकि मुक्केबाजी और एथलेटिक्स में संख्या काफी कम कर दी गई। इसमें भी जिन 94 खिलाड़ियों को चुना गया है उनमें से मात्र 42 ही शारीरिक रूप से सक्षम एथलीट हैं जो पिछली सूची से 78 कम है। पेरिस पैरालंपिक में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सहित 52 पैरा-एथलीट कोर ग्रुप में हैं जो उनके बढ़ते कद और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते प्रदर्शन को दर्शाता है जिसमें पेरिस में जीते गए 29 पदक (सात स्वर्ण) शामिल हैं।

इस सूची में 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के क्वालीफिकेशन चक्र में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को जोड़ा या हटाया जाना जारी रहेगा। टॉप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन एस जोहल ने पीटीआई को बताया, 'यह आज तक के प्रदर्शन के आधार पर देखी गई क्षमता का सच्चा, पारदर्शी और यथार्थवादी प्रतिबिंब है।'

नए समूह में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को या तो पेरिस पदक विजेता होना चाहिए था या खेलों के ड्रॉ में आगे तक बढ़ना चाहिए था या विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में होना चाहिए था। पिछली सूची में एथलेटिक्स में 30 नाम शामिल थे लेकिन अब अपडेट किए गए ग्रुप में केवल तीन एथलीट हैं और उनमें से कोई भी महिला नहीं है।

भाला सुपरस्टार नीरज चोपड़ा, स्टीपलचेजर अविनाश साबले और लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर समूह में ट्रैक और फील्ड के खिलाड़ी हैं। जिन प्रमुख खिलाड़ियों को सूची से बाहर किया जाना है, उनमें एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाले चक्का फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी और दो बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाले धावक मोहम्मद अनस याहिया शामिल हैं।

मुक्केबाजी का प्रतिनिधित्व भी आठ से घटकर मात्र दो रह गया है और इनमें से कोई भी पुरुष मुक्केबाज नहीं है। केवल टोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन ही सूची में जगह बना पाई हैं। के श्रीकांत और युगल विशेषज्ञ अश्विनी पोनप्पा सबसे स्थापित बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जिन्हें सूची से बाहर रखा गया है जिसमें पीवी सिंधु, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल टीम को शामिल किया गया है।

निशानेबाजी का उच्च प्रतिनिधित्व जारी है। लेकिन कुल संख्या 25 से घटकर 17 हो गई है। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दिव्यांश सिंह पंवार (राइफल) और अनीश भानवाला (पिस्टल) की जोड़ी को बाहर रखा गया है। गोल्फ, तैराकी और टेनिस से कोई खिलाड़ी नहीं है। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल और अनुभवी रोहन बोपन्ना को जगह नहीं मिली क्योंकि मंत्रालय ने गोल्फ और तैराकी के साथ टेनिस को भी नई सूची से हटा दिया। टेबल टेनिस समूह से भी भारी कटौती की गई है जिसमें केवल मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला को ही जगह मिली है। अनुभवी ए शरत कमल अब इस सूची में नहीं हैं और न ही जी साथियान है। टोक्यो ओलंपिक के रजत विजेता रवि दहिया का नाम चोट के कारण ब्रेक के कारण सूची से बाहर हो गया। इसके अलावा विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के नाम भी गायब हैं जो अब कांग्रेस पार्टी में सक्रिय राजनेता हैं। विनेश हरियाणा में विधायक हैं।

# सुनील गावस्कर ने पकड़ी विराट कोहली की कमजोरी, पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले करना होगा सुधार



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और मौजूदा एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की फॉर्म को लेकर चिंता जताई है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में विराट एक बार फिर बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए और 22 के निजी स्कोर पर आउट हुए। कोहली इस छोटी सी पारी के दौरान संघर्ष करते हुए नजर आ रहे थे। उन्हें पवेलियन का रास्ता बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद हुसैन ने दिखाया, जिनकी गेंद पर कट शॉट मारने के प्रयास में कोहली बैकवर्ड पॉइंट की दिशा में आउट हुए। यह लगातार 6ठा मौका है जब वनडे क्रिकेट में विराट कोहली स्पिनर्स के खिलाफ आउट हुए हैं, हैरान की बात यह है कि इन 6 में से 5 बार उन्हें रिस्ट स्पिनर्स यानी कलाई के स्पिनर्स ने आउट किया है। ऐसा लगने लगा है कि विपक्षी टीम भी अब विराट के खिलाफ गेम प्लान समझ चुकी है। सुनील गावस्कर ने अब विराट कोहली के आउट होने पर चर्चा की है।

गावस्कर ने कहा, ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके बल्ले का मुंह खुल जाता है, ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलते समय भी ऐसा ही होता था। बल्ले का मुंह खुल जाता था, वह कवर में खेलने की कोशिश करते थे और बैट का मुंह खुल जाता था। जो उनके लिए परेशानी पैदा कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, तो यह कुछ ऐसा है जिस पर उसे ध्यान देना होगा। आउट होने से पहले दो बार, वह रिशाद की ओर बढ़े, गेंद घूम गई, बल्ले का मुंह खुल गया, और सौभाग्य से बल्ले का मुंह खुल गया इसलिए कोई बल्ले का किनारा नहीं लगा। इसलिए यह कुछ ऐसा है जिस पर उसे अब ध्यान देना होगा। लेकिन हां, मुझे लगता है कि अगर आप एक ही तरह की गेंदबाजी पर आउट हो रहे हैं, तो थोड़ी चिंता की बात है।

**यह कुछ ऐसा है जिस पर उसे ध्यान देना होगा। आउट होने से पहले दो बार, वह रिशाद की ओर बढ़े, गेंद घूम गई, बल्ले का मुंह खुल गया, और सौभाग्य से बल्ले का मुंह खुल गया इसलिए कोई बल्ले का किनारा नहीं लगा। इसलिए यह कुछ ऐसा है जिस पर उसे अब ध्यान देना होगा।**

इंडिया वर्सेस पाकिस्तान हाईवोल्टेज मुकाबला 23 फरवरी को खेला जाना है, इस मैच से पहले कोहली अपनी कमजोरी पर काम कर पाकिस्तान के खिलाफ एक और लाजवाब पारी खेलना चाहेंगे।

# पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल को राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का निदेशक नियुक्त किया गया



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने भारत के पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल को शुक्रवार को राष्ट्रीय टीम का निदेशक नियुक्त किया। समिति ने इसके साथ ही पुरुषों की अंडर20 टीम के मुख्य कोच के रूप में बिबियानो फर्नांडिस के नाम की भी सिफारिश की।

यह निर्णय भारत के पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता में तकनीकी समिति की बैठक में लिए गए। इसमें शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, क्लाइमेक्स लॉरेंस, हरजिंदर सिंह और संतोष सिंह ने भाग लिया। एआईएफएफ महासचिव अनिलकुमार प्रभाकरन और कोषाध्यक्ष किपा अजय के साथ-साथ तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा भी बैठक में उपस्थित थे।

एआईएफएफ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'तकनीकी समिति ने राष्ट्रीय टीम के निदेशक के रूप में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुब्रत पॉल की नियुक्ति की पुष्टि की।' इसने कहा गया है, 'समिति ने अंडर20 राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में बिबियानो फर्नांडीस को नियुक्त करने की भी सिफारिश की है।'

# मुंबई इंडियंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर चौथी जीत, अमनजोत ने मचाया धमाल



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। अब टीम के खाते में चार अंक हैं और नेट रनरेट +0.610 हो गया है। वहीं, आरसीबी तीन मैचों में दो जीत के साथ के साथ शीर्ष पर है। शुक्रवार को बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में छह विकेट पर 170 रन बनाए और एक गेंद के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। मौजूदा टूनार्मेंट में यह मुंबई इंडियंस की दूसरी जीत है जबकि आरसीबी को पहली शिकस्त मिली है।

### मुंबई की आरसीबी पर चौथी जीत

दिलचस्प बात यह है कि मुंबई इंडियंस ने अब तक इस टूनार्मेंट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ छह में से चार मुकाबलों में जीत दर्ज की है। वहीं, गत विजेता आरसीबी के खिलाफ मुंबई ने सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल कर लिया है।

अपने घर में खेलने उतरी गत विजेता टीम की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई थी। उन्हें पहला झटका स्मृति मंधाना के रूप में 29 रन के स्कोर पर लगा। शबनम इस्माइल ने उन्हें अपना शिकार बनाया। इसके बाद नैट सिवर ब्रंटर ने डैनी व्यॉट हॉज को पवेलियन भेजा, जो नौ रन बना सकीं।

### एलिस पेरी की तूफानी पारी

इस मुकाबले में एलिस पेरी ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 43 गेंदों में 81 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान दाएं हाथ की बल्लेबाज ने 11 चौके और दो गगनचुंबी छक्के लगाए। उनके अलावा ऋचा घोष ने 28 रन बनाए जबकि राघवी बिष्ट (1), कनिका आहुजा (3) और जॉर्जिया वेयरहैम (6) का बल्ला खामोश रहा। किम गार्थ और एकता बिष्ट क्रमशः आठ और दो रन बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई के लिए अमनतोज कौर ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए जबकि शबनम, सिवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज और संस्कृति गुप्ता को एक-एक सफलता मिली।

### हरमनप्रीत और अमनजोत ने पलटा पासा

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरूआत धीमी हुई थी। किम गार्थ ने दूसरे ही ओवर में यास्तिका भाटिया को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। वह सिर्फ आठ रन बना सकीं। इसके बाद हेली मैथ्यूज को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं नैट सिवर ब्रंट का साथ मिला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 27 गेंदों में 57 रनों की साझेदारी हुई, जिसे राघवी बिष्ट ने तोड़ा। भारतीय गेंदबाज ने मैथ्यूज को अपना शिकार बनाया, वह 15 रन बनाकर लौटीं। आरसीबी के खिलाफ इस जीत की हीरो हरमनप्रीत कौर और अमनजोत कौर रहीं। दोनों ने 49 गेंदों में 62 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई और जीत सुनिश्चित की। इस दौरान मुंबई की कप्तान ने 50 और अमनजोत कौर ने 34* रन बनाए। वहीं, जी कमालिनी 11 रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी के लिए जॉर्जिया वेयरहैम ने तीन, किम गार्थ ने दो और एकता बिष्ट ने एक विकेट चटकाया।

# इस भारतीय तेज गेंदबाज के मुरीद हुए रिकी पोंटिंग

## कहा- वह अपने देश के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं




**नई दिल्ली।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ की है। अपने पहले मैच में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच में शुभमन गिल के शतक के अलावा मोहम्मद शमी के पांच विकेट ने सुर्खियां बटोरीं। शमी के इस प्रदर्शन ने दुनियाभर के दिग्गज क्रिकेटरों का ध्यान खींचा। सबने उनकी तारीफ की है। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी शमी की दृढ़ता की प्रशंसा की है।

उन्होंने कहा कि भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में उनका पांच विकेट झटकना इस बात का सबूत है कि चोट से लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अब यह तेज गेंदबाज खुद सर्वश्रेष्ठ संस्करण है। शमी ने आईसीसी टूनार्मेंट में वापसी करते हुए 53 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे भारत ने गुरुवार को बांग्लादेश को 228 रन पर समेट दिया। शमी ने सबसे कम पारियों में 200 वनडे विकेट लेने वाले भारतीय और दूसरे सबसे तेज गेंदबाज भी बने।

पोंटिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, 'शमी के लिए वापसी करना और चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में पांच विकेट लेना शानदार है। वह ऐसा ही खिलाड़ी है जिन्हें आप अपनी टीम में चाहते हैं जो आपके लिए कुछ भी कर सकता है। शमी हमेशा मुझे ऐसा ही खिलाड़ी लगता है।' शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के दौरान टखने की चोट के कारण 14 महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हो गए थे। चोट के लिए सर्जरी की आवश्यकता थी और उनके बाएं घुटने में सूजन के कारण उनकी उबरने की प्रक्रिया में और देरी हुई जिससे वह एक साल से अधिक समय तक अंतरराष्ट्रीय खेल से बाहर रहे।

पोंटिंग ने कहा, 'यह उनके लिए आसान नहीं रहा है। वह साल दर साल बेहतर होता जा रहा है और शायद, वह अभी खुद का सबसे अच्छा संस्करण है। इसलिए वह ऐसा ही है जिसे आप अपने आस-पास चाहते हैं, खासकर बड़े टूनार्मेंटों में।' शमी ने तीन वनडे विश्व कप में 55 विकेट लिए हैं और वह वनडे क्रिकेट में 200 विकेट तक पहुंचने वाले आठवें भारतीय बन गए हैं।



# धूमधाम से संपन्न हुआ रजत-रुचिका का वाग्दान समारोह



















**गाजियाबाद करंट क्राइम। वेदांता के जश्न हाल में रजत तथा रुचिका का सगाई समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर रजत रुचिका को आशीर्वाद शुभाशीष दिया।**

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को हैल्दी प्लैनेट (अर्ली इयर) का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस नाटक को प्री नर्सरी, नर्सरी व केजी के 297 छात्रों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। यह समारोह दो पारी में संपन्न हुआ। दोनों पारियों में छात्रों ने अपने अभिनय का परिचय दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डा० कंवर पाल सिंह रहे। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए नन्हे छात्रों की रचनात्मकताए उत्साह और आत्मविश्वास की प्रशंसा की। कक्षा पाँच के विद्यार्थियों ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आरंभ नाटक की 'मेकिंग' को दिखाकर किया गया। यह नाटक 'ओलीज ऑक्टोपैंट्स' नामक कहानी पर आधारित था। समारोह के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को संभव बनाने में हमारे अध्यापकगण व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया। इसके लिए विशेष रूप से हमारे नन्हे.नन्हे छात्र बधाई के पात्र हैं। उन्होने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बी.एफ.एस.आई. सेक्टर की प्रसिद्ध कंपनी रूपीक द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.कॉम, बी.सी.ए. के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरंभ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे कंपनी के अधिकारीयों द्वारा बताकर किया गया ! इस ड्राइव में पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 31 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ०) हरीश तलूजा, निदेशक इंजिनियरिंग, प्रो० (डॉ०) दीपा कंवर, उप निदेशक तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## रेड क्रॉस सोसायटी ने किया स्वास्थ्य मेले का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के सहयोग से भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद द्वारा जनपद गाजियाबाद के भोजपुर ब्लॉक मोदीनगर तहसील के अंतर्गत त्योड़ी ग्राम के स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य मेले में अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, रेड क्रॉस उपाध्यक्ष डॉ. अखिलेश मोहन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रज्ञा श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी, डॉ. अनिल यादव जिला क्षय रोग अधिकारी की गरिमा मई उपस्थिति में 50 पात्र क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली तथा स्वास्थ्य मेले में उपस्थित सभी माता और बहनों को लगभग 3000 सेनेटरी पैड वितरित किए।

रेड क्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता ने बताया कि आज रेड क्रॉस गाजियाबाद शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र मोदीनगर तहसील में भोजपुर ब्लॉक के गांव त्योड़ी के स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता मेले में इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के सहयोग से 50 टी.बी रोगियों को 6 माह के लिए गोद लेकर पुष्टाहार पोटली वितरित की तथा मेले में आई हुई सभी माता और बहनों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए सेनेटरी पैड विपरीत किऐ जिसकी मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, ग्राम प्रधान तथा अन्य उपस्थित चिकित्सकों व प्रबुद्ध नागरिकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता, इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता, रानू वैश्य, संजय यादव तथा जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प 2025 तक टीवी मुक्त भारत को सफल बनाने के लिए पूरी मुस्तैदी से लगी रही।




## सिटी की किस चौकी पर फिर आया संकट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों सिटी वाले जोन के लिए तीन बदलाव की सूचना मिल रही है। बताया जा रहा है की सबसे टेंशन वाले थाने के जहां दो चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। तो वहीं सिटी के सबसे पुराने थाने कहे जाने वाले इलाके की एक चौकी से बहुत ही कम समय में फिर टू-स्टार को हटाया गया है। इस टू-स्टार के हटाए जाने की चर्चा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में है जबकि दो अन्य चौकी प्रभारी वाला मामला बहुत लाइट चल रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन वाले सूत्र बता रहे हैं कि मुस्लिम बाहुल्य इलाके वाली चौकी के प्रभारी को हटाने के पीछे की वजह बड़ी गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है वह कुछ समय पहले ही खेत वाले इलाके के थाने से




सिपारिस के जरिए यहां तक पहुंचे थे। यहां कुछ महीनो में ही उनके कारनामे अधिकारियों की टेबल तक पहुंचे। जिसके बाद उनका काम तमाम कर दिया गया है। बताया जा रहा है वही सिटी के टेंशन वाले थाने की भी दो चौकियों के टू-स्टार बदले गए हैं। एक को थाने पर रखा गया है और दूसरे को थाने पर लगाया जा सकता है। वहीं थाने वालों को ही चौकी पर भेज दिया गया है। सुनने में आ रहा है कि यह सब उनकी लापरवाही की वजह से हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से मुस्लिम बाहुल्य इलाके वाली चौकी के प्रभारी को हटाने के पीछे शिकायती आधार बना है। तो पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा दूसरी भी उठ रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पहले भी एक छोटे बदलाव वाली गुपचुप लिस्ट आई थी। तो फिर दो थानाक्षेत्रों में इस तरीके का बदलाव किया गया है। देखना होगा की आने वाले दिनों में और कौन चौकी प्रभारी अधिकारियों की रडार पर आता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 28 फरवरी को कुछ लोगों की डेट फिक्स की गई है। उनको गैर जनपद जाना है। देखना होगा किसकी रवानी होती है और किसको अभी यहां रोककर रखा जाता है। वहीं 2015 बैच वाले मार्च में कब और कहां के लिए रवाना होंगे, इस पर भी आने वाले दिनों में फैसला लिया जा सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले कुछ ही दिनों में फिर कई चौकी प्रभारियों को नया चांस मिलने की भी प्रबल संभावना बताई जा रही है।

## मुरादनगर में चोरों का आतंक

**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर में चोरों ने दो अलग-अलग जगहों पर वारदात को अंजाम दिया। चर्च कम्पाउंड कॉलोनी की गली नंबर दो स्थित मस्जिद में चोरों ने इमाम के कमरे का ताला तोड़कर 32 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। इमाम मोहम्मद आबिद स्कूल में पढ़ाने जाते हैं। जब वह स्कूल से लौटे तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था। उनकी जैकेट की जेब में रखे 32 हजार रुपए गायब थे। मस्जिद के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाश कैद हो गया है। इमाम का कहना है कि बदमाश ने पहले रेकी की और फिर चोरी को अंजाम दिया।

## उत्तर प्रदेश के बजट को जनता ने सराहा : हरीश मल्होत्रा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हरीश मल्होत्रा ने बताया कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में जो बजट पेश किया गया है वह सराहनीय है। बजट में सभी वर्गों का बखूबी ध्यान रखा गया है इस बजट से होने वाले लाभ सभी वर्गों के हित में हैं उत्तर प्रदेश सरकार का यह सबसे बड़ा बजट है जो के ऐतिहासिक है महिलाओं ,बेरोजगारों किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह बजट पेश किया गया है।

## पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने वार्ड 76 में इंटरलॉक टाइल्स से कराया सड़क निर्माण

### पार्षद ने कहा, मेरा मकसद सिर्फ और सिर्फ जनता की तरक़्क़ी और खुशहाली




**साहिबाबाद करंट क्राइम।** वार्ड-76, वैशाली सेक्टर-1 साउथ साइड में इंटरलॉक टाइल्स द्वारा सड़क का निर्माण पूर्ण कराकर पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने उक्त मार्ग वैशालिवासियो को किया समर्पित। पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी के कोटे से वैशाली सेक्टर-1 साउथ साइड के मकान संख्या 506 से 530 तक की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण पूर्ण होने पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं स्थानीय पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने रिबन काटकर सम्मानित निवासियों की मोजूदगी में वैशाली के निवासियों को सड़क समर्पित की। इस मौके पर गौरव सोलंकी ने बताया वार्ड 76 के सम्पूर्ण विकास के लिए एक योजनाबद्ध तरीके से काम हो रहा है उसी क्रम में यह सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण कराया है। पार्षद ने कहा, इस सबके पीछे मेरा मकसद सिर्फ और सिर्फ जनता की तरक़्क़ी और खुशहाली ! इस मोके पर सुभाष शर्मा, घनश्याम गुप्ता, भगत सिंह बिष्ट, ओमवती, रेखा प्रजापति, प्रियंका उपाध्याय, जीएस कपूर, नरेंद्र पवार, मुंशीलाल, अनिल कुमार, रामवतार यादव, वीएस मित्तल, वीरेंद्र गहलोत, विनोद प्रजापति, अरविंद माहेश्वरी, राम सिंह, के एल मित्तल, संजय खंडेलवाल, गिरीश नाथ, डॉक्टर संजीव कुमार, अनवर अली खान, महेंद्र सिंह, सुनील वार्ष्णेय, रोहित त्रिपाठी, राम यादव, निर्मल, सलूजा आदि निवासी उपस्थित रहे।

## यूपी बजट से उत्तर प्रदेश के विकास को लगेंगे पंख : अनिल गर्ग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी अनिल गर्ग ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। जो कि उत्तर प्रदेश के विकास में सक्षम है गुरुवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। यह बजट सभी वर्गों महिलाओं , किसानों युवाओं तथा व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण है इस बजट से उत्तर प्रदेश का चौमुखी विकास होगा।



## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Mayank Goel · Follow
3h

बिटिया के आदेश पर और प्रभु के आशीर्वाद से महाकुंभ में अमृत स्नान का सुअवसर मिला।।
अपने पूर्वजों की सात्विक परंपरा का स्मरण किया
प्रभु हमारे सभी परिवार जन ,मित्र
संबंधी,अभिभावक,शुभचिंतक सदा प्रसन्न रहें।।
पतित पावनी त्रिवेणी , माँ गंगा का आचमन

सनातन परंपरा के अनुष्ठान का प्रत्यक्ष दर्शन,विहंगम दृश्य
@ Narendra Modi @ MYogiAdityanath



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। परिवार संस्कार और सरकार तीनों का संगम मयंक गोयल ने संगम तट पर महाकुंभ अमृत स्नान की पोस्ट में किया। बिटिया के आदेश पर ओर प्रभु का आशीर्वाद से महाकुंभ स्नान किया और अपने पूर्वजों की सात्विक परंपरा का स्मरण किया। इस पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी जी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को शामिल किया। सनातन संस्कृति संस्कार को एक दृष्टिकोण देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# ब्रिटेन में बाल शोषण और कमजोर लोगों के घर पर जबरन कब्जा करने वालों पर कसेगा शिकंजा

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने बाल शोषण और कमजोर वर्ग के लोगों के साथ होने वाले अपराध कोयलिंग के खिलाफ काननू बनाने का एलान किया है। सरकार ने दोनों अपराध के खिलाफ पांच से 10 साल तक की सजा का प्रावधान किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अपराध रोकने और पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने के लिए लाए जा रहे इस विधेयक को अगले सप्ताह हाउस ऑफ कॉमन्स में रखा जाएगा।



ब्रिटेन सरकार ने बाल शोषण और कमजोर वर्ग के लोगों के साथ होने वाले अपराध कोयलिंग के खिलाफ काननू बनाने का एलान किया है। सरकार ने दोनों अपराध के खिलाफ पांच से 10 साल तक की सजा का प्रावधान किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अपराध रोकने और पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने के लिए लाए जा रहे इस विधेयक को अगले सप्ताह हाउस ऑफ कॉमन्स में रखा जाएगा। ब्रिटेन में जिन दो अपराधों के खिलाफ कानून लाया जा रहा है, उसमें पहला कोयलिंग है। यह एक ऐसी प्रथा है जिसमें अपराधी कमजोर वर्ग के लोगों के घर पर बिना उनकी अनुमति के कब्जा कर लेते हैं और उनसे जबरन गैर कानूनी गतिविधियां जैसे ड्रग्स तस्करी के काम कराते हैं। जबकि दूसरे अपराध में कुछ अपराधी बच्चों से आपराधिक गतिविधियां कराते हैं।

ब्रिटेन की गृह सचिव यवेटे कूपर ने कहा कि आपराधिक लाभ के लिए बच्चों को कमजोर लोगों का शोषण घृणित है। हम इसे अपनी सड़कों से खत्म करना चाहते हैं। बदलाव की दिशा में हमारे कदम के तहत हम इन दो आपराधिक मामलों में उन लोगों को दंड देंगे जो यह अपराध कराते हैं। साथ ही हम पीड़ितों की सुरक्षा और छिपे हुए इस अपराध को रोकेंगे।

उन्होंने कहा कि दोनों नए कानून के तहत न्यायालय अपराधियों पर प्रतिबंध लगा सकेंगे। इसमें बच्चों के साथ काम करने,विशिष्ट लोगों से संपर्क करे या विशेष क्षेत्र में जाने पर प्रतिबंध लगाया जा सकेगा। इससे अपराध को रोकने या दोबारा होने से रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही आदेश का पालन न करना भी अपराध होगा। इसमें पांच साल की जेल की सजा होगी।

### क्या है कोयलिंग

कोयलिंग अपराध को ड्रग तस्करी, गंभीर हिंसा और असामाजिक व्यवहार से जोड़ा जाता है। इसमें खासकर दिव्यांग लोगों को अपराधी अपने लाभ के लिए निशाना बनाते हैं। नए कानून के तहत ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जो कमजोर लोगों के घर पर कब्जा करते हैं और उनको नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसा करने पर पांच साल के कारावास की सजा सुनाई जाएगी।

### बाल शोषण को लेकर भी कानून

यूके के गृह मंत्रालय के मुताबिक देश में 2023-24 में 14500 बच्चे बाल शोषण अपराध के शिकार हुए हैं। सरकार का मानना है कि यह आंकड़ा बेहद कम है। क्योंकि तमाम मामलों की जानकारी सरकार को मिल नहीं पाती है। अब तक बाल शोषण के खिलाफ बने कानून में सख्त प्रावधान नहीं हैं। नए कानून के तहत लेबर सरकार ने जो लोग बेईमानी से बच्चों को अपराध में शामिल करेंगे या अपराध कराएंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसमें ड्रग तस्करी, लूट कराने जैसी आपराधिक घटनाएं शामिल होंगीं। ऐसे मामलों में 10 साल की सजा का प्रावधान होगा।

## ब्राजील में 'एक्स' के बाद अब वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म 'रंबल' पर कार्रवाई

**पाउलो।** जस्टिस एलेक्जेंडर डी मोरेस ने गुरुवार को रंबल को ब्राजील में एक कानूनी प्रतिनिधि का नाम बताने के लिए 48 घंटे का समय दिया था, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। जज ने कहा कि रंबल ने बार-बार और जानबूझकर आदेश का पालन नहीं किया है। उसने ब्राजील के कानूनी आदेश और न्यायपालिका के अधीन नहीं होने की कोशिश की है। ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पुराना नाम ट्विटर) के बाद अब वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म 'रंबल' पर कार्रवाई की है। 'रंबल' पर राष्ट्रव्यापी रोक लगा दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के जज ने शुक्रवार को दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म रंबल को निलंबित करने का आदेश दिया। फैसला अदालत के आदेशों का पालन नहीं करने को लेकर सुनाया गया। जस्टिस एलेक्जेंडर डी मोरेस ने गुरुवार को रंबल को ब्राजील में एक कानूनी प्रतिनिधि का नाम बताने के



लिए 48 घंटे का समय दिया था, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। जज ने कहा कि रंबल ने बार-बार और जानबूझकर आदेश का पालन नहीं किया है। उसने ब्राजील के कानूनी आदेश और न्यायपालिका के अधीन नहीं होने की कोशिश की है। कोर्ट ने रंबल पर उठाए सवाल

उन्होंने कहा कि रंबल ने जिन फैसलों को नजरअंदाज किया है, उनमें से एक है ब्राजील के कानून के भगोड़े एलन डॉस सैंटोस का अकाउंट हटाना। वह 2020 से संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रहा है और पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो का कट्टर समर्थक है।

## न्यूज डायरी

### सभासद पति ने पुलिस कर्मी के विरुध डीसीपी को दिया शिकायत पत्र

**लोनी (करंट क्राइम)।** वार्ड नं 21 के सभासद एक शादी समारोह मे शामिल होने गये थे। उसी दौरान ट्रोनिका सिटी के कुछ पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। सभासद का आरोप है कि एक पुलिस कर्मी बेवजह गाली गलौच करने लगा मना करने पर हाथापाई भी की सभासद ने पुलिस उपायुक्त को पुलिस कर्मी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

दर असल मामला खानपुर जप्ती का है गांव में चर्चित व्यक्ति के यहां एक समारोह में अगरौला गांव के रहने वाले बार्ड सभासद पति गजेन्द्र भी शामिल होने आए थे वहां पर पहले से मौजूद ट्रॉनिका सिटी थाने के कुछ पुलिस कर्मी भी मौजूद थे जिन्हे गजेन्द्र पहले से जानते हैं। सभासद पति का आरोप है कि पुलिस कर्मी शराब के नशे में थे एक पुलिस कर्मी चंचल मंडौला में तैनात है आरोप है कि चंचल ने सभासद पति का गिरेवान पकड़कर समारोह में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों के सामने अभद्रता कर गाली गलौज की तथा हाथापाई कर झूठे मुकदमें फंसाने की धमकी दी। सभासद पति ने शनिवार को पुलिस उपायुक्त को पुलिस कर्मी के विरुध कानूनी कार्रवाई व सुरक्षा की द्रष्टि से शिकायती पत्र दिया है पुलिस उपायुक्त ने अधीनिस्थ अधिकारियों को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

### बच्चियों के साथ छेडछाड करने वाला आरोपी गिरफ्तार भेजा जेल




**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी थाना अंकुर विहार इलाके की कॉलोनी में एक नशेडी हैवान ने सारी हैवानियत की सीमा लांगकर तीन मासूम बच्चियों के साथ अपने कमरे में ले जाकर अश्लील हरकतें कीं बच्चियां काफी समय तक घर नही पहुंची तो परिजन उन्हे ढूंढने लगे तो एक कमरे से बच्चियों की रोने की आवाज आई। कमरे का दरवाजा खुलवाया तो वह बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। बच्चियों की मां ने अकंर विहार थाने पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया पुलिस ने नशेडी हैवान के विरुध तत्काल पास्को के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया तथा शनिवार को जेल भेज दिया है। एसीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि थाने इलाके की एक कॉलोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को घटना से अवगत कराया कि शुक्रवार देर शाम को पडोस में रहने वाला मौहम्मद हुसना पुत्र स्व सलमू मूल निवासी गांव काकड़ा शाहपुर बुडाना मुज्जफर नगर हाल पता डावर तालाब लोनी के विरुध बच्चियों के साथ छेडछाड करने के विरुध तहरीर दी पुलिस ने हुसना के खिलाफ पास्को के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया तथा शनिवार जेल भेज दिया गया है।

### लोनी की महिला की सड़क दुर्घटना में मौत




**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी की महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई वह अपने पति पंकज के साथ मुरादनगर से अपने घर प्रताप नगर राधा विहार ज्ञान ज्योति स्कूल के पास वापस लौट रही थी। पंकज बाइक पर सवार था जैसे ही वह पाइप लाइन मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से कार चालक ने ओवर टेक कर बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक गिर गई और महिला के सिर में चोट लगी उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसीपी सिधार्थ गौतम ने बताया कि लोनी के राधा विहार कॉलोनी निवासी पंकज अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर मुरादनगर से लोनी घर वापस लौट रहा था पाइप लाइन मार्ग पर कार चालक ने ओवर टैक कर उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों बच्चे व पंकज घायल हो गए और पंकज की पत्नी नीतूके सिर में चोट लगने से बेसुध हो गई उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार के दौरान शुक्रवार रात 11 बजे उसकी मौत हो गई पंकज जीटीबी में ही एनम के पद पर तैनात है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है घर में मातम पसरा हुआ है।

## पीएम नवीन रामगुलाम का ऐलान, मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**लुइस।** हर साल 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। इसे 12 मार्च, 1968 को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। रामगुलाम ने कहा, 'मुझे हमारे देश की स्वतंत्रता की 57वीं वर्षगांठ के समारोह के संदर्भ में सदन को यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री महामहिम नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मॉरीशस की यात्रा करेंगे। वे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने इसका एलान किया। रामगुलाम ने इसे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों का प्रमाण बताया।

### नेशनल असेंबली में दी जानकारी

मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने शुक्रवार को ह्यनेशनल असेंबलीह्न को संबोधित करते हुए कहा, 'यह हमारे देश के लिए वास्तव में एक विशेष सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी के इतने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद हमें ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा।'



### 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है

हर साल 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। इसे 12 मार्च, 1968 को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। रामगुलाम ने कहा, 'मुझे हमारे देश की स्वतंत्रता की 57वीं वर्षगांठ के समारोह के संदर्भ में सदन को यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री महामहिम नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है।'

### पीएम मोदी की हाल की पेरिस और अमेरिका यात्राओं का भी जिक्र किया

मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने भारतीय नेता के व्यस्त कार्यक्रम का जिक्र करने के लिए पीएम मोदी की हाल की पेरिस और अमेरिका यात्राओं का भी जिक्र किया। रामगुलाम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में पिछले साल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई थीं।

## पाकिस्तान की मलीर जेल में कैद 22 भारतीय मछुआरे रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मलीर जेल में बंद 22 भारतीय मछुआरों को सजा पूरी होने के बाद रिहा कर दिया है। एधी फाउंडेशन द्वारा उन्हें लाहौर तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई। जहां वाघा बॉर्डर के रास्ते उन्हें आज भारत को सौंपा जा सकता है। पाकिस्तान के कराची की मलीर जेल में बंद 22 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। एक स्थानीय समाचार पत्र ने मछुआरों की रिहाई के बारे में मलीर जेल अधीक्षक अरशद शाह का हवाला दिया, जिन्होंने बताया कि मछुआरों को सजा पूरी होने के बाद शुक्रवार को रिहाई दी गई। आज उन्हें भारत को सौंपा जा सकता है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, एधी फाउंडेशन अध्यक्ष फैसल एधी ने मछुआरों को लाहौर पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था की। उन्होंने मछुआरों का यात्रा खर्च वहन करने के साथ ही उन्हें उपहार और नकद राशि प्रदान की। मछुआरे लाहौर से भारत वापस लौटेंगे। एधी फाउंडेशन ने सरकारों से दयालु दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया एधी फाउंडेशन के अध्यक्ष फैसल ने दोनों सरकारों से आग्रह किया है कि मछुआरों के प्रति दयालु दृष्टिकोण अपनाया जाए। क्योंकि उन्होंने अनजाने में समुद्री सीमा को पार किया था। एधी ने लंबे समय तक जेल में रहने के दौरान मछुआरों के परिवारों की पीड़ा को भी उजागर किया। उन्होंने



मछुआरों की सजा पूरी होने के बाद तुरंत रिहा करने और शीघ्र वापस भेजने की अपील की। वाघा बॉर्डर से मछुआरों को भेजते हैं पाकिस्तानी अधिकारी बता दें कि पाकिस्तानी अधिकारी वाघा बॉर्डर के माध्यम से भारतीय मछुआरों को वापस भेजते हैं। जहां भारतीय अधिकारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उनकी घर वापसी की सुविधा प्रदान करते हैं।

## ढाका में पत्नी के सामने बीएनपी नेता की पीट-पीटकर बर्बर हत्या, हैवानों ने आंखें भी निकालीं




**ढाका।** बांग्लादेश के ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नेता मोहम्मद बाबुल मिया की प्रतिद्वंदियों ने पत्नी के सामने पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने उसे डंडों और एसएस पाइपों से पीटा। उसकी दोनों आंखें तक निकाल दीं। हत्या के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, मोहम्मद बाबुल मिया बीएनपी की कुल्ला यूनियन इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष थे। शुक्रवार दोपहर वह और उनकी पत्नी धामराई उपजिला के अक्षिरनगर हाउसिंग के पास सरसों की कटाई कर रहे थे। इस दौरान उनकी हत्या कर दी गई।

### कई दिनों से धमकी दे रहे थे आरोपी : यास्मीन

बाबुल की पत्नी यास्मीन बेगम ने बताया कि रियल एस्टेट व्यवसाय अक्षिरनगर हाउसिंग को लेकर ग्रामीणों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय अधिकारी, अरशद और मोनिर हम दोनों को कई दिनों से धमका रहे थे, जबकि पति का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था।

### पति को डंडों और एसएस की पाइपों से पीटा : यास्मीन

यास्मीन बेगम ने बताया कि आरोपियों ने पति को डंडों और एसएस पाइप से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं आरोपियों ने पति की दोनों आंखें भी निकाल लीं। जब मैंने और कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करने और उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें रोक दिया। यास्मीन ने बताया कि पति के बेहोश होने के बाद ही आरोपी वहां से गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बाबुल को मृत बताया पत्नी यास्मीन ने बताया कि आरोपियों के मौके से जाने के बाद, पति को सावर इनाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यास्मीन ने कहा कि वह घटना के बारे में तुरंत एफआईआर दर्ज कराएंगी।

## बसों में धमाकों के बाद वर दूतावास का अलर्ट, कहा- 14 दिन तक कर्मचारी न करें सार्वजनिक परिवहन का उपयोग



**येरूशलम।** इस्राइल में तीन बसों में हुए बम धमाकों के बाद अमेरिकी दूतावास ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए अलर्ट जारी किया है। इस्राइल स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों ने अगले दो सप्ताह तक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग न करने के लिए कहा है।

इस्राइल में तीन बसों में हुए बम धमाकों के बाद अमेरिकी दूतावास ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए अलर्ट जारी किया है। इस्राइल स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों ने अगले दो सप्ताह तक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग न करने के लिए कहा है।

दूतावास ने एक बयान में कहा कि 20 फरवरी को सार्वजनिक बसों में हुए विस्फोटों के बाद अत्यधिक सावधानी बरतते हुए अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों पर 14 दिन के लिए सार्वजनिक बसों और इस्राइल में लाइट रेल का उपयोग करने पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी नागरिकों को लगातार सावधानी बरतने और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा है। दूतावास ने कहा कि हमले अक्सर बिना किसी चेतावनी के होते हैं। सुरक्षा वातावरण जटिल है और जल्दी बदल सकता है। दूतावास ने कहा कि अमेरिकी नागरिकों को अपनी गतिविधियों की योजना बनाते समय इस बात को ध्यान में रखना चाहिए। दूतावास सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करता रहेगा और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराएगा।

मध्य इस्राइल में गुरुवार को तीन खड़ी बसों में सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। सरकार को इनके पीछे चरमपंथियों का हाथ होने का संदेह है। इन विस्फोटों में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस प्रवक्ता असी अहरोनी ने बताया था कि दो अन्य बसों में विस्फोटक बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि पांचों बम एक जैसे थे और उनमें ह्यटाइमरह्न लगे हुए थे। एक बम पर अरबी और हिब्रू भाषा में एक नोट में लिखा था कि तुलकरम शरणार्थी शिविर से बदला लें।

### नेतन्याहू ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश

बम विस्फोट के बाद इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने का आदेश दिया था। इसके अलावा इस्राइल आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट और इस्राइल पुलिस को कार्रवाई के करने के लिए कहा था। शुक्रवार को पीएम नेतन्याहू इस्राइली सैनिकों से मिलने के लिए तुलकरम शरणार्थी शिविर पहुंचे। उन्होंने सैनिकों से कहा कि हम आतंकवाद के गढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। पूरी सड़कों को समतल कर रहे हैं और आतंकवादियों को खत्म कर रहे हैं। हमास और अन्य आतंकवादी संस्थाओं के खिलाफ हम बेहद महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। यह इच्छा अभी तक खत्म नहीं हुई है।

## गाजा पर नियंत्रण की योजना केवल 'सुझाव', जबरदस्ती नहीं कर रहे : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन।** गाजा पट्टी से फलस्तीनी नागरिकों को निकालने और फिर उसे अपने नियंत्रण में लेने की योजना को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दुनियाभर से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। हालांकि, एक अमेरिकी समाचार चैनल के साथ बातचीत में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि उनकी योजना केवल एक 'सुझाव' है, न कि किसी तरह से 'लागू करने का आदेश'।

### 'योजना के लिए जबरदस्ती नहीं कर रहा'

'फॉक्स न्यूज' के साथ बातचीत में ट्रंप ने इस बात को दोहराया कि वह मानते हैं कि पश्चिम एशिया में स्थिति का समाधान करने के लिए उनकी योजना सबसे अच्छी है। उन्होंने कहा, मैं आपको अपनी योजना का तरीका बताउंगा। मुझे लगता है कि वह



योजना वास्तव में काम करेगी। लेकिन मैं इसको लेकर जबरदस्ती नहीं कर रहा हूं। मैं बस बैठकर इसके लिए सुझाव दूंगा। फिर अमेरिका का उस पर नियंत्रण होगा, वहां हमास नहीं होगा। फिर वहां विकास होगा और एक नई शुरूआत होगी।

### जॉर्डन के अलावा अरब देशों ने खारिज की ट्रंप की योजना

ट्रंप ने पहले जॉर्डन और मिस्र से कहा था कि वह गाजा से पलायन करने वाले फलस्तीनी शरणार्थियों को स्वीकार करें। जॉर्डन और मिस्र का इस्राइल के साथ शांति समझौता है। हालांकि, जॉर्डन को छोड़कर ज्यादातर अरब देशों ने इस योजना को खारिज किया। जॉर्डन ने दो हजार घायलों को स्वीकार करने पर सहमति दी है। जेरूसलम पोस्ट की खबर में कहा गया है कि शुक्रवार को अरब देशों के एक समूह ने एक वैकल्पिक योजना पर चर्चा करने के मुलाकात की, जिसमें गाजा के करीब 20 लाख की आबादी को वहीं रहने दिया जाएगा।

### गाजा पट्टी अब रहने लायक नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि गाजा अब पुनर्निर्माण के योग्य भी नहीं है। उन्होंने कहा, वह जगह रहने लायक नहीं है। अगर आपने लोगों को इसकी जगह एक अच्छे समुदाय के बीच रहने का विकल्प दिया, तो मुझे पता है कि वे कहां जाएंगे। देखते क्या होता है। इसके साथ ही ट्रंप ने इस्राइल के 2005 के उस निर्णय का भी जिक्र किया, जब उसने गाजा से अपनी सैन्य मौजूदगी खत्म कर ली थी और नियंत्रण फलस्तीनी प्राधिकरण को सौंप दिया था। ट्रंप ने सवाल किया, यह एक शानदार जगह है, मुझे समझ नहीं आता इस्राइल ने इसे क्यों छोड़ा।

## इस्राइल को मिला शिरी बिबास का शव, नेतन्याहू बोले- बदला लेंगे, छह इस्राइली की होगी वतन वापसी

**येरूशलम।** हमास ने 20 फरवरी को चार शव इस्राइल को सौंपे थे, जिसमें एक मां और उसके दो बच्चे के साथ एक बुजुर्ग का शव शामिल था। लेकिन इस्राइल की तरफ से दावा किया गया कि, सौंपा गया शव दो बच्चों की मां शिरी बीबास का नहीं था। इस्राइली फॉरेंसिक जांच में पता चला कि वह शव किसी अज्ञात फलस्तीनी महिला का था। इससे इस्राइल में नाराजगी बढ़ गई। इसके बाद, हमास ने शुक्रवार देर रात सही शव सौंप दिया, जिसकी पहचान शनिवार सुबह शिरी बीबास के रूप में हुई।

### इस्राइल-हमास का एक-दूसरे पर दावा

शिरी बीबस और उनके दो छोटे बेटे हमास के कब्जे में मारे गए थे। लेकिन हमास ने दावा किया था कि उनकी मौत इस्राइली हमलों में हुई, लेकिन इस्राइल का कहना है कि इनकी हत्या हमास ने की। इधर



प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे 'नृशंस और अमानवीय कृत्य' बताते हुए बदला लेने की चेतावनी दी है। हालांकि, इस बीच हमास और इस्राइल के बीच चल रही संघर्षविराम संधि के तहत शनिवार को छह और इस्राइली बंधकों की रिहाई होगी।

### छह इस्राइली बंधकों की रिहाई तय

हमास ने शनिवार को छह इस्राइली नागरिकों को रिहा करने की पुष्टि की। इनमें तीन लोग 7 अक्तूबर के हमले के दौरान एक संगीत समारोह से अगवा किए गए थे। जिसमें, 27 वर्षीय एलिया कोहेन, 22 वर्षीय ओमर शेम टोव और 23 वर्षीय ओमर वेंकर्ट, इसके अलावा, 40 वर्षीय ताल शोहम, जिन्हें किबुत्ज बीरी से अगवा किया गया था, भी शामिल हैं। इसके साथ ही, 39 वर्षीय अवेरी मेंगिस्तु और 36 वर्षीय हिशाम अल-सैयद को भी रिहा किया जाएगा। ये दोनों मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण पहले गाजा में भटककर पहुंचे थे और हमास ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। छह के बदले 600 फलस्तीनियों छोड़ेगा इस्राइल इसके बदले इस्राइल 600 से अधिक फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनमें 50 आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं, 60 को लंबी सजा मिली थी।

# धूमधाम से संपन्न हुआ आशुतोष कश्यप तथा काजल कश्यप का सगाई समारोह

























**गाजियाबाद करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के भतीजे तथा प्रमोद कश्यप के सुपुत्र आशुतोष कश्यप का सगाई समारोह ओमपाल कश्यप की सुपुत्री काजल के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।**

## 'राइज इन इंडिया 2025' तीन दिवसीय एग्जिबिशन का हुआ समापन

# डॉ. अनिल अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि, अंतिम दिन हजारों लोगों ने लिया प्रदर्शनी का लुत्फ















**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तीन दिवसीय एग्जिबिशन राइज इन इंडिया 2025 का 22 फरवरी को समापन रहा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे और प्रदर्शनी में आए विभागों को पुरस्कृत किया गया। 60 से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं के लगभग 15000 युवाओ ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया इसके अलावा शहर के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सरकारी संस्थानों के विभिन्न स्टॉल देखकर एग्जिबिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की।

विभाग जैसे कि डीआरडीओ, इसरो ,जीएसआई, सीएसआईआर, एनएफएल , आई॰सी॰ए॰आर॰, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, टूरिज्म मंत्रालय, डीसी हैंडिक्राफ़्ट, आयुष मंत्रालय, आईसीएमआर , बीआईएस, एनटीपीसी, युपेडा, एलिम्को, टी बोर्ड,कृभको, जेम, सिपेट, सेंट्रल सिल्क बोर्ड, नीलिट, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी ने इसमें भाग लिया। इसके अंतर्गत 20 से 22 फरवरी को गाज़ियाबाद के कई स्कूल एवं कॉलेज के हजारों विद्यार्थी विभिन्न संस्थानों की प्रदर्शनी देख कर लाभान्वित हुए।इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से इसरो, डीआरडीओ, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी आयुष मंत्रालय आदि संस्थानों के द्वारा पिछले वर्षों में प्राप्त की गई उपलब्धियां से संबंधित प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया जिसमें उपरोक्त संस्थानों के वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे। विकसित भारत के अंतर्गत भारत विभिन्न क्षेत्रों में विगत वर्षों में जितनी प्रगति कर रहा है उन सभी का प्रदर्शन संस्थान के माध्यम से तीन दिन में किया गया।

एग्जिबिशन के मौके पर एच आर आई टी यूनिवर्सिटी प्रो चांसलर अंजुल अग्रवाल, डीपीएस एचआरआईटी डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल, वाइस चांसलर डी के शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, कैप्टेन सिद्धू, जी एस त्यागी, एंकर रेशु त्यागी, प्रिंसिपल नंदिनी शेखर, डॉ. अनिल त्यागी, डॉ. आयु जैन, डॉ. अजय कुमार मिश्रा, डॉ. एम के जैन, डॉ. नवनीत शर्मा, डॉ. निर्दोष अग्रवाल, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, वरुण त्यागी, डॉ. लल्लन त्रिपाठी, डॉ. सी एन सिन्हा, डॉ. अलका बंसल, राजकुमार तेवतिया, डॉ. एकलव्य, डॉ. आशीष कुमार, रजिस्ट्रार विनोद कुमार, जोगेश सक्सेना, अनिल सांवरिया, योगेश शर्मा, अभिजीत मुखर्जी, समिति कौशिक, ओ पी अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, आयुष काकड़ा, अतुल जैन, रानीता सिंह, डॉ.. सपना बंसल, ऑर्गनाइजेशन के प्रेसिडेंट तरुण जैन, महक जैन एवं भारतीय खाद्य निगम सदस्य एवं पूर्व सांसद मीडिया सलाहकार राहुल गोयल उपस्थित रहे।

### छात्रों के लिए इस तरह के आयोजन लाभप्रद : डॉ. अनिल अग्रवाल

**करंट क्राइम।** पूर्व सांसद व एचआरआईटी यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल ने इस एग्जीबिशन के समापन के दिन अपने विचार रखे और कहा कि इस तरह का आयोजन गाजियाबाद में हमेशा होना चाहिए। एग्जिबिशन में आए सभी डिपार्टमेंट के लोगों को अलग अलग कैटिगरी में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं सबको सर्टिफिकेट बांटे गए। डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि गाजियाबाद के युवाओं ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर अधिक से अधिक लुफ्त उठाया। यह हम सब के लिए सौभाग्य की बात है की इस प्रकार की प्रदर्शनी गाजियाबाद में पांचवी बार आयोजित की जा रही है जिससे सभी को अत्यंत लाभ होता है। प्रदर्शनी में विजेता रहा डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी का स्टाल। दूसरा स्थान जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को मिला और तीसरा स्थान इसरो को मिला। प्रदर्शनी का आयोजन परिचित फाउंडेशन दिल्ली द्वारा किया गया।